दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास....
सकट चौथ : चंद्रमा को अर्घ्य देते समय ...8
बलरामपुर
मंगलवार, 06 जनवरी 2026
वर्ष: 05 अंक : 94 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रुपया
लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।
सम्पादक : राजेश शर्मा
दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

# पीएम मोदी से मिले सीएम योगी

## मंत्रिमंडल विस्तार और मिशन 2027 पर हुआ मंथन



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से प्रधानमंत्री आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने मंत्रिमंडल विस्तार और 2027 के चुनावों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने राज्य की विकास योजनाओं के साथ–साथ आगामी चुनावों के लिए राजनीतिक रणनीति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद, मुख्यमंत्री योगी के दोपहर 3रू30 बजे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करने की उम्मीद है। यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चाएँ तेज हो रही हैं। पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद, राज्य मंत्रिपरिषद का लंबे समय से प्रतीक्षित विस्तार और संगठन में बदलाव पार्टी के एजेंडे में अगला कदम है। मंत्रिमंडल विस्तार संभवतः 14–15 जनवरी, 2026 को मकर संक्रांति के त्योहार के बाद होगा। इसके अलावा, आयोगों, बोर्डों और परिषदों में राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया भी जल्द ही शुरू होगी। हाल के दिनों में भाजपा में कई बदलाव देखने को मिले हैं। हाल ही में, भाजपा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करके सबको चौंका दिया, वहीं उत्तर प्रदेश में पंकज चौधरी को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र नेता थे। इसके अलावा, भाजपा तब सुर्खियों में आई जब कई ब्राह्मण विधायकों ने एक साथ भोज में भाग लिया।

# बांग्लादेश में नहीं थम रहा नरसंहार

## एक और हिंदू व्यक्ति राणा प्रताप बैरागी को मारी गोली



बांग्लादेश में सोमवार को एक और हिंदू व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कट्टरपंथी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद पड़ोसी देश में हुई अशांति के मद्देनजर यह पांचवीं ऐसी घटना है। मृतक की पहचान राणा प्रताप बैरागी के रूप में हुई है, जिनकी सोमवार दोपहर करीब 12 बजे जेस्सोर जिले के कोपलिया बाजार में कुछ बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है, जब कुछ ही हफ्तों पहले दीपू चंद्र दास समेत कई हिंदुओं की हिंसक मौतों ने पूरे देश और भारत तक में चिंता बढ़ा दी थी। यह सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि अल्पसंख्यक समुदाय की लगातार बढ़ती असुरक्षा को उजागर करती हैझ

इससे पहले बांग्लादेश में एक हिंदू व्यापारी पर धारदार हथियार से हमला करने और जलाकर मार डालने के मामले में रविवार को तीन लोगों को अरेस्ट किया गया। ढाका से करीब 100 किमी दूर शरीयतपुर जिले में बुधवार रात खोकन चंद्र दास (50) पर हमला किया गया था। शनिवार को उनकी मृत्यु हो गई थी। रैपिड एक टीम ने रविवार सुबह ढाका से करीब 100 किमी उत्तर–पूर्व में किशोरगंज से 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के नाम सोहाग खान, रब्बी मोल्या और पलाश सरदार है। दवा की दुकान और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करने वाले दास एक ऑटो–रिक्शा से जा रहे थे, तभी हमलावरों ने पिटाई की, धारदार हथियारों से हमला किया और फिर सिर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की दुश्मनों को ललकार

# भारतीय तटरक्षक बल से टकराने की हिम्मत मत करना



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने देश की तटरेखा को शत्रुओं के लिए अछूत बना दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि तटरक्षक बल ने शत्रुओं के मन में ऐसा भय पैदा कर दिया है कि यदि कोई सीमा की ओर देखने की भी हिम्मत करेगा, तो तटरक्षक बल उसे नहीं छोड़ेगा। आईसीजी के पहले प्रदूषण नियंत्रण पोत श्समुद्र प्रतापश के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि हमारे तटरक्षक बल ने हमारे शत्रुओं के मन में ऐसा भय पैदा कर दिया है कि यदि कोई हमारी सीमा की ओर देखने की भी हिम्मत करेगा, तो तटरक्षक बल उसे ऐसा करने की स्थिति में नहीं छोड़ेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि श्समुद्र प्रतापश का शुभारंभ देश की व्यापक समुद्री दृष्टि से जुड़ा है, जो यह मानती है कि समुद्री संसाधन किसी एक राष्ट्र की संपत्ति नहीं बल्कि मानवता की साझा विरासत हैं। उन्होंने कहा कि जब विरासत साझा होती है, तो उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी साझा होती है। यही कारण है कि भारत आज शांति, स्थिरता और पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होकर वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा है। भारत को एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, ष्ऐसे समय में जब दुनिया वैश्विक समुद्री अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, भारत ने बार–बार यह साबित किया है कि वह न केवल अपने हितों की रक्षा करता है, बल्कि पूरे हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता भी सुनिश्चित करता है। साथ मिलकर आगे बढ़ने का यही समावेशी दृष्टिकोण भारत को एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति बनाता है।ष रक्षा मंत्री ने कहा, ष्हमें समुद्री शासन के क्षेत्र में मानदंड निर्धारित करने होंगे, क्षमता निर्माण पहलों को मजबूत करना होगा और सहयोगात्मक ढांचों को आगे बढ़ाना होगा। भारतीय तटरक्षक बल को अपने परिचालन सिद्धांतों, संस्थागत प्रथाओं और तकनीकी नवाचारों को ऐसे उच्च मानकों तक पहुंचाना होगा कि उनकी सर्वोत्तम प्रथाओं का विश्व स्तर पर अनुसरण किया जाए। उन्होंने आगे कहा, ष्पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय तटरक्षक बल ने खुद को क्षेत्रीय मानक स्थापित करने वाले के रूप में स्थापित किया है। अब समय आ गया है कि इस भूमिका को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाया जाए और वैश्विक नेतृत्व की ओर निर्णायक रूप से कदम बढ़ाया जाए।ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित किए जा रहे दो प्रदूषण नियंत्रण पोतों (पीसीवी) की श्रृंखला में पहले पोत, भारतीय तटरक्षक पोत (आईसीजीएस) श्समुद्र प्रतापश को कमीशन किया। इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी उपस्थित थे।

# यूपी पुलिस भर्ती में योगी सरकार ने दी बड़ी राहत, आयु सीमा में 3 साल की छूट देने का ऐलान



उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ी राहत दी है। अभ्यर्थियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित सीधी भर्ती–2025 के लिए अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त तीन वर्ष का शिथिलीकरण प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। हम आपको बता दें कि सीधी भर्ती–2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों को भरे जाने के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। शासनादेश के अनुसार आरक्षी नागरिक पुलिस (पुरुषध महिला), आरक्षी पीएसीध्सशस्त्र पुलिस (पुरुष), आरक्षी विशेष सुरक्षा बल (पुरुष), महिला बटालियन हेतु महिला आरक्षी, आरक्षी घुड़सवार पुलिस (पुरुष) तथा जेल वार्डर (पुरुष एवं महिला) पदों पर भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को यह आयु शिथिलीकरण एक बार के लिए प्रदान किया जाएगा। योगी सरकार द्वारा यह निर्णय उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली–1992 के नियम–3 के आलोक में लिया गया है। यह फैसला 31 दिसंबर 2025 को जारी भर्ती विज्ञप्ति के अनुक्रम में 5 जनवरी 2026 को जारी शासनादेश के माध्यम से लागू किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा जो आयु सीमा के कारण अब तक भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो रहे थे।

## emkrk lwph ij 'kqHksanq vf/kdkjh dk dM+k nkok dgk&

# ममता के फर्जी वोट का खेल अब खत्म



कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) पर चुनौती दी। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) की आलोचना का कड़ा खंडन किया। उन्होंने एक्स पर एक संदेश साझा किया। मैंने माननीय मुख्य चुनाव आयुक्त, /म्बैटम्ब्प ज्ञानेश कुमार को पत्र भेजकर ममता बनर्जी के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास के बारे में फैलाए गए झूठे दावों और इसे रोकने की उनकी नवीनतम अपील का खंडन किया है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बारे में उनकी तथाकथित ष्चिंताएँष सरासर मनगढ़ंत हैं। वास्तव में, चुनाव आयोग की यह मुहिम टीएमसी के गंदे रहस्यों को उजागर कर रही हैरू फर्जी मतदाता, मृत नेताओं के भूत और अवैध घुसपैठिए जिन्हें उन्होंने वर्षों से चुनाव में धांधली करने के लिए संरक्षण दिया है। अधिकारी ने कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि ममता बनर्जी घबरा रही हैं क्योंकि एसआईआर उनके 2026 के सपनों के लिए एक बड़ा झटका है। भारत निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों को अद्यतन और साफ करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण ष(ए) का संचालन कर रहा है, जिसका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। यह विवाद आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राज्य नेतृत्व और केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के बीच बढ़ते तनाव को उजागर करता है। इससे पहले, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न मुद्दों को उठाया था। 3 जनवरी को लिखे अपने पत्र में मुख्यमंत्री बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने आईटी सिस्टम का दुरुपयोग किया और दावा किया कि मतदाताओं के नाम बिना उचित अनुमति के बैकएंड से हटा दिए गए थे।

# दिल्ली को दंगों की आग में झोंकने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए: सीएम रेखा



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में कार्यकर्ताओं–– उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का सोमवार को स्वागत करते हुए कहा कि शहर को दंगों की आग में धकेलने के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले के आरोपियों–– उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया लेकिन ''भागीदारी के स्तर'' का हवाला देते हुए पांच अन्य को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि खालिद और इमाम के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है। गुप्ता ने यहां 'पीटीआई–वीडियो' से कहा, ''हम अदालत के फैसले का स्वागत करते हैं। अदालत ने दिल्ली दंगों के मामले में आरोपियों–– शरजील इमाम और उमर खालिद की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। दिल्ली को दंगों की आग में झोंकने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।'' उन्होंने कहा कि दंगों में शामिल लोगों का समर्थन करने वाली राजनीतिक पार्टियों के लिए कड़ा संदेश जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे ''अपराध में भागीदार'' थीं। दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि दंगे एक ''सुनियोजित साजिश'' का नतीजा थे। उन्होंने कहा, ''दिल्ली की जनता के खिलाफ जानबूझकर साजिश रची गई थी। आज के फैसले ने एक बार फिर इसे साबित कर दिया है।'' उन्होंने कहा कि इस फैसले से स्पष्ट संदेश मिलता है कि ऐसी साजिशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने कहा कि अदालत का यह आदेश देश के खिलाफ काम करने वालों के लिए एक मिसाल बनेगा। सूद ने कहा,"सरकार का विरोध करना गलत नहीं है, लेकिन देश का विरोध करना अलग बात है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग देश के खिलाफ काम करने के आरोपियों के प्रति सहानुभूति दिखाते हैं।" दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दंगाइयों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

# राजस्थान की भाजपा सरकार ने जनहितैषी योजनाओं को कमजोर किया: अशोक गहलोत



जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बच्ची के इलाज में कथित देरी को लेकर सोमवार को राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधा और उस पर जनहितैषी योजनाओं का कमजोर करने का आरोप लगाया। गहलोत ने इस घटना से जुड़ी खबर साझा करते हुए एक्स पर लिखा, ''मंचों से 'राष्ट्रीय एकता' और 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की बड़ी–बड़ी बातें करने वाली भाजपा सरकार का असली चेहरा जयपुर के एसएमएस अस्पताल की घटना ने उजागर कर दिया है।'' उन्होंने लिखा,''जयपुर में करंट से झुलसी मध्यप्रदेश की एक बालिका को एसएमएस अस्पताल में केवल इसलिए घंटों इलाज नहीं मिला क्योंकि उसके पास आयुष्मान कार्ड नहीं था। यह अमानवीयता की पराकाष्ठा है। क्या इलाज की आवश्यकता में भी राज्य देखा जाएगा?''

## एसआईआर के दौरान 'अमानवीय' आचरण के खिलाफ अदालत का रुख करूंगी: ममता



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान किए गए ''अमानवीय'' आचरण के खिलाफ अदालत का रुख करेंगी। दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से जुड़े भय, उत्पीड़न और प्रशासनिक मनमानी के कारण कई लोगों की मौत हुई है और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। उन्होंने कहा, ''हम एसआईआर के कारण हुए अमानवीय व्यवहार और इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत के खिलाफ अदालत में कल याचिका दायर करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''यदि अनुमति मिली तो मैं भी उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर एक आम नागरिक के रूप में इस अमानवीय प्रक्रिया के खिलाफ आवाज उठाऊंगी। मैं एक प्रशिक्षित वकील भी हूं।'' बनर्जी ने आरोप लगाया कि बिना वैध कारणों के मतदाता सूची से नामों को ''मनमाने ढंग से'' हटाया जा रहा है, जिससे विधानसभा चुनावों से पहले एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया डर पैदा करने वाली प्रक्रिया बन गई है। उन्होंने दावा किया कि गंभीर रोग से ग्रसित लोगों और बुजुर्ग नागरिकों को यह साबित करने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर किया जा रहा कि वे वैध मतदाता हैं।

# इंदौर जल कांड पर बवाल: कांग्रेस का बीजेपी पर आरोप, मौतों का सच छिपा रही सरकार



भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को इंदौर के भागीरथपुरा में पानी दूषित होने की घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना के कारण 30 से अधिक लोगों की मौत हुई है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेता ने क्षेत्र के विधायक और राज्य मंत्रिमंडल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की भी मांग की और मुख्यमंत्री मोहन यादव पर इंदौर को बर्बाद करने का आरोप लगाया। पटवारी ने कहा कि 17 नहीं, बल्कि 30 से अधिक मौतें हुई हैं। भाजपा और प्रशासन के गुंडे मीडिया को वहां की स्थिति देखने से रोक रहे हैं। अगर हर घर में सर्वेक्षण किया जाए तो मौतों की सही संख्या सामने आ जाएगी। मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को उनके पद से हटाया जाना चाहिए और महापौर और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। उनहोंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव इंदौर के प्रभारी मंत्री हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी अपना कर्तव्य नहीं निभाया। मुख्यमंत्री यादव को भी अपने कर्तव्य का एहसास होना चाहिए और उन्होंने भी इंदौर को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मेरा मानना घ्है कि इंदौर की जनता इन मौतों का बदला जरूर लेगी। इस बीच, इंदौर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. माधव प्रसाद हसनी ने बताया कि 4 जनवरी तक आधिकारिक तौर पर मरने वालों की संख्या केवल छह थी। हालांकि, मौतों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई है और उसकी रिपोर्ट आज शाम तक मिलने की उम्मीद हैय इसके बाद ही सही आंकड़ा पता चलेगा। घटना में अब तक हुई मौतों के आधिकारिक आंकड़ों के बारे में पूछे जाने पर डॉ. हसनी ने कहा कि मौतों के आधिकारिक आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए एक समिति गठित की गई है। मृत्यु समीक्षा समिति की रिपोर्ट आज शाम तक मिलने की उम्मीद है और उसके बाद हम आपको इस संबंध में जानकारी देंगे... हमने कल दस्त से हुई मौतों की जो संख्या बताई थी, वह छह थी। समिति इस दौरान हुई अन्य सभी मौतों की जांच कर रही है। उनके दस्तावेजों की जांच और रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, हम आपको आज शाम तक जानकारी देंगे। इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में पानी दूषित होने की घटना ने व्यापक आलोचना को जन्म दिया है, क्योंकि इसमें कई लोगों की जान चली गई और कई परिवार प्रभावित हुए।

# सफाई कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन, चुनाव 18 को

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन और पदाधिकारियों का चुनाव आगामी 11 जनवरी 2026 से शुरू होगा। यह जानकारी देते हुये संघ के मंत्री मनोज कुमार चौहान ने बताया कि 11 जनवरी को नामांकन, उसी दिन नाम वापसी और 18 जनवरी को मतदान पं. अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में होगा। इस निर्णय से प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराकर पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाने का आग्रह किया गया है। बताया कि सोमवार को संघ पदाधिकारियों के ण्क प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। डीएम को दिये पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ प्रदेश नेतृत्व से तथ्यों को छिपाकर कुछ लोग बिना चुनाव स्वंय पदाधिकारी बन गये हैं इससे उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और ब्लाक अध्यक्षों सहित सफाई कर्मचारियों में रोष है, इस कारण से अधिवेशन, चुनाव और मतदान के द्वारा पदाधिकारियों का चयन कराया जायेगा। संघ के मंत्री मनोज कुमार चौहान ने बताया कि अधिवेशन की प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूरा कराने के लिये संघ के सभी ब्लाक अध्यक्ष, मंत्रियों और सम्बंधित अधिकारियों को सूचना दे दिया गया है। डीएम को पत्र देने के दौरान मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष पेशकार, संगठन मंत्री राम कृपाल चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवमंगल पाण्डेय के साथ ही अनेक सफाईकर्मी शामिल रहे।

# पुलिस भर्ती में आयु सीमा बढाये जाने का निर्णय सराहनीय– सत्येन्द्र सिंह 'भोलू'

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को पत्र भेजकर पुलिस भर्ती परीक्षा में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 25 वर्ष करने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेकर 32,679 पदों पर पुलिस भर्ती में अभ्यर्थियों को दी बड़ी राहत दिया है। यूपी पुलिस व जेल विभाग की सीधी भर्ती में आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट दी गई है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' ने कहा है कि सिपाही भर्ती – 2026 में जहां आरक्षित वर्ग की आयु सीमा 18 से 27 वर्ष निर्धारित है वहीं सामान्य वर्ग के



अभ्यर्थी की आयु सीमा 18 से 22 वर्ष (आरक्षण नियमावली के तहत्) निर्धारित है। परन्तु सिपाही भर्ती अंतर्गत आने वाले कुछ पदों पर भर्ती कोरोना व अन्य कारणों से पिछले कई साल से लंबित है जिसके मद्देनजर सामान्य वर्ग को भी आयु सीमा में रियायत मिलनी चाहिए। उन्होंने सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के संग न्यायोचित फैसला लेते हुए तय आयु सीमा 18–25 वर्ष करने पर विचार करने का मुख्यमंत्री से आग्रह किया था। सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' ने मुख्यमंत्री के निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा है कि शासनादेश जारी होने से अभ्यर्थियों को निश्चित रूप से इसका लाभ मिलेगा।

# राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर पक्षियों की सुरक्षा को लेकर हुआ गोष्ठी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर। इकोसिस्टम में पक्षियों की सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। हर वर्ष हजारों पक्षी प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, जो हमारे पारिस्थितिकी तन्त्र के लिए खतरनाक है। हमें उनके आवासों की रक्षा करनी चाहिए और उन्हें सुरक्षित रखना



चाहिए। पक्षियों के लिए अपने घर की छतों पर पानी और दाना रखने के साथ–साथ अधिक से अधिक पेड़ लगायें तथा कीटनाशक का उपयोग कम करें। जिससे पक्षियों को नुकसान न हो। उक्त सन्देश राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग सिद्धार्थनगर श्रीमती नीला एम0 ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलजुल कर पक्षियों के संरक्षण का संकल्प लें और धरती को पक्षियों के कलरव से गुलजार रखें।

# पुल बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। विकासखंड गैसड़ी के दर्जनों गांव के लोग आज भी मूलभूत सुविधा से वंचित है। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, विकासखंड के स्थानीय क्षेत्र में बुढ़ी राप्ती नदी पर पुल न होने से लोगों को आने–जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन यहां किसी अधिकारी का ध्यान नहीं जाता है। यह क्षेत्र विकास से कोसों दूर नजर आता है। मामला बलरामपुर के विकासखंड गैसड़ी के ग्राम हरनाहवा सुस्ता अंतर्गत आने वाले बुढ़ी राप्ती नदी का है। यहां पर नाले पर पुल की व्यवस्था नहीं है। इसके चलते लोगों को नाला आने जाने पर काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वोट लेने के लिए चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशियों द्वारा यहां पर आकर तमाम वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव के बाद स्थिति वही की वही रहती है। नेताओं का कहना रहता है हरनाहवा बगनहवा मार्ग पर पुल का निर्माण करा दिया जाएगा। चुनाव जीतने के बाद सांसद व विधायक देखने तक नहीं आते हैं पुल निर्माण की बात तो दूर है। जबकि लगभग सभी दलों के सांसद विधायक इस क्षेत्र से चुने जा चुके हैं लेकिन इस बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र की ओर किसी भी नेता की ध्यान आकर्षित नहीं हुआ। जिससे बुढ़ी राप्ती नदी पुल का निर्माण नहीं हो सका। वही ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए पुल बनवाने की मांग की है।

# पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में डीआईजी व एसपी ने अमहट घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में डीआईजी बस्ती संजीव त्यागी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनंदन द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ प्लास्टिक निस्तारण हेतु अमहट घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें रिक्रूट आरक्षियों ने भी हिस्सा लिया। नव वर्ष के अवसर पर सार्वजनिक जगहों जैसे पार्क, सड़क, उपवन इत्यादि में प्लास्टिक के निस्तारण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों एवं रिक्रूट आरक्षियों द्वारा अमहट घाट पर बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों ने स्वयं झाड़ू उठाकर अमहट घाट एवं आसपास के क्षेत्र से प्लास्टिक कचरा, पॉलीथीन तथा अन्य अपशिष्ट सामग्री को इकट्ठा कर सुरक्षित निस्तारण किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल घाट को स्वच्छ बनाना था, बल्कि आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना भी था। पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव त्यागी ने अभियान के दौरान कहा कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत ये अभियान चलाया गया। अमहट घाट जैसे सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता से न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहता है, बल्कि आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिलती है।ष् पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने सभी पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से पुलिस और जनता के बीच का संबंध और मजबूत होता है। इस सफाई अभियान में सैकड़ों पुलिसकर्मियों एवं रिक्रूट आरक्षियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में जनपद बस्ती के सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने कर्मियों के साथ अपने–अपने थाना क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया।

# देखते ही देखते बाइक लेकर चोर हुए फरार, पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

बढ़नी/सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र ढेबरुआ के पुलिस चौकी




बढ़नी अन्तर्गत नगर पंचायत बढ़नी बस स्टाप चौराहे पर लोगों की आंखों के सामने से दिन के उजाले में चोर बाइक लेकर फरार हो गये, जो क्षेत्र में चर्चा का बिषय बना हुआ है। उक्त मामला बीते रविवार का बताया जा रहा है, जो ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मिश्रौलिया निवासी फुरकान पुत्र सलीम ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि बीते रविवार की दोपहर हमारा भाई उस्मान न्च्55 ॅ 1187 हीरो स्पेलेण्डर काळी कलर की बाइक लेकर बढ़नी बाजार गये थे। जो बढ़नी–पचपेड़वा मार्ग पर स्थित आलम इलेक्ट्रानिक दुकान के पास खड़ी करके एक दुकानदार से बातचीत कर रहे थे। तभी देखते ही देखते एक अज्ञात व्यक्ति अचानक बाइक लेकर भाग निकला। हो–हल्ला मचाने और पीछा कर पकड़ने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन उस व्यक्ति व गाड़ी का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। उक्त सम्बन्ध में पुलिस चौकी प्रभारी वीरेन्द्र कुमार यादव का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल में जुटी हुई है। शिकायती पत्र के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# डिजिटल सशक्तिकरण की ओर कदम, एचएफएल हृदय परियोजना में 30 युवा हुए प्रशिक्षित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। एलआईसी एचएफएल हृदय परियोजना के अन्तर्गत




इण्डो ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी द्वारा युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देने हेतु बेसिक कम्प्यूटर कोर्स का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांऊत सभी प्रतिभागी युवाओं को प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) एवं ट्रेनिंग बैग प्रदान किये गये। इस कौशल प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाना, उनकी रोजगार संभावनाओं को बढ़ाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इण्डो ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी की इस पहल से युवाओं को तकनीकी ज्ञान प्राप्त हुआ है, जिससे भविष्य में उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

# पुलिस ने 02 नफर वारन्टी को ग्राम परोई से किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा/सिद्धार्थनगर। एसएसपी सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी सुश्री रोहिनी यादव के पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में सोमवार को वाद संख्या 2540/1997 धारा 279,337,338 प्च्ब् से सम्बन्धित छठॅ वारन्टी गुड्डू पुत्र सज्जाद अली उर्फ मोहू निवासी कलनाखोर थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर वर्तमान पता ग्राम मझवन खुर्द थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर को गिरतार किया गया तथा माननीय न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज जू0डि0/जेएम–2 जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम




में उक्त अभियुक्त को ग्राम कलनाखोर से तथा वाद संख्या 1812/2020 धारा 147,323, 504, 506, 325 प्च्ब् से सम्बन्धित वारन्टी विशुनजीत उर्फ भदेली पुत्र रिखई साकिन परोई थाना खेसरहा जिला सिद्धार्थनगर को ग्राम परोई से गिरतार किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया। वहीं गिरतार वारण्टी में गुड्डू पुत्र सज्जाद अली उर्फ मोहू निवासी कलनाखोर थाना खेसरहा वर्तमान पता ग्राम मझवन खुर्द थाना गोल्हौरा व विशुनजीत उर्फ भदेली पुत्र रिखई साकिन परोई थाना खेसरहा जिला सिद्धार्थनगर है। इस दौरान गिरतार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी सकारपार उप निरीक्षक विजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल शिवनाथ दास, आरक्षी अवनीश राय, आरक्षी दीपक गौड़ मौजूद रहें।

# मोहाना पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा 08 बोरी यूरिया खादके साथ अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोहाना/सिद्धार्थनगर। थानाध्यक्ष मोहाना जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सोमवार को अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी



के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार को थाना मोहाना पुलिस द्वारा 08 बोरी यूरिया खाद, 01 मोटर साईकिल व 02 साईकिल के साथ 01 भारतीय अभियुक्त को चेकिंग के दौरान बरामद किया गया। वहीं बरामद सामान को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया। गिरतार अभियुक्त में रघुवर यादव पुत्र राम पियारे ग्राम बर्डपुर नम्बर 04 टोला नन्दनगर चौराहा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर है। इस दौरान गिरतारी करने पुलिस टीम मेंॆ ८/ळक सा0 राम कुमार एसएसबी ककरहवा, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार चौकी ककरहवा थाना मोहाना, कांस्टेबल अनुराग तिवारी चौकी ककरहवा थाना मोहाना, आ0 सा0 पवन कुमार एसएसबी ककरहवा मौजूद रहें।

# नेपाल के यशोधरा ग्रामीण नगरपालिका में नागरिक सुनवाई कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

पूजा गुप्ता/
दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/नेपाल। पड़ोसी देश नेपाल के जिला कपिलवस्तु अन्तर्गत यशोधरा वार्ड संख्या–07, मर्यादपुर, ग्रामीण नगरपालिका के स्थानीय निवासी नागरिकों की शिकायतें, टिप्पणियां, राय और सुझाव सहित सीधे तौर पर सोमवार को नागरिक सुनवाई और संवादात्मक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन कपिलवस्तु जिला प्रशासन कार्यालय द्वारा किया गया था। कपिलवस्तु जिला पुलिस कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित था। यह कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर संचालित किया जाता है। सुरक्षा, अपराध नियन्त्रण और सेवा वितरण के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। ऐसा कहा जाता है कि इसका आयोजन संवर्धन के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख जनार्दन गौतम व पुलिस




अधीक्षक सन्तोष आचार्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन यशोधरा ग्रामीण नगर पालिका, वार्ड नम्बर–07, मर्यादपुर वार्ड अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में किया गया था। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने शान्ति और सुरक्षा, चोरी जैसे मुद्दों पर चर्चा किया। वहीं नशीली दवाएं, घरेलू हिंसा, सार्वजनिक सेवा वितरण, पुलिस प्रशासन से सम्बन्धित व्यावहारिक समस्याएं आदि शामिल हैं। वहीं इस विषय पर अपनी शिकायतें और सुझाव प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य जिला अधिकारी गौतम ने कहा कि नागरिकों की शिकायतों को गम्भीरता से लिया जायेगा और प्रशासन कानून के दायरे में रहकर उनका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नागरिकों और प्रशासन के बीच समन्वय से ही शान्ति और सुरक्षा प्रभावी हो सकती है। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक आचार्य ने सामुदायिक पुलिस साझेदारी की अवधारणा को मजबूत करने और अपराध नियन्त्रण एवं सेवा वितरण को अधिक प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। वहीं कार्यक्रम का संचालन मर्यादपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी जीवदीप शर्मा ने किया। आयोजकों के मुताबिक इस तरह के जनसभा कार्यक्रमों से स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन के बीच की दूरी कम होने और आपसी विश्वास बढ़ने की उम्मीद है।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस सम्पन्न, 61 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत,08 प्रार्थना–पत्रों का मौके पर ही निस्तारण

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। तहसील डुमरियागंज़ में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून, एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में सोमवार को तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील डुमरियागंज़ में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के




अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, एसडीएम डुमरियागंज राजेश कुमार तथा पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों की सुनवाई एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन द्वारा किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस डुमरियागंज़ में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जायें। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जायें। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि सम्पत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना लें। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए, यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 61 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिसमें राजस्व–41, पुलिस विभाग से सम्बन्धित–09, विकास–04, अन्य–07 प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व के 08 प्रार्थना–पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत–प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, उप .षि निदेशक राजेश कुमार, जिला .षि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, तहसीलदार डुमरियागंज, तहसील डुमरियागंज क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# डीएम ने नपं डुमरियागंज के कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा सोमवार को कान्हा गौशाला नगर पंचायत डुमरियागंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 105 गौवंश संरक्षित थे। जिलाधिकारी ने स्टाक रजिस्टर, डाक्टर/अधिकारी निरीक्षण रजिस्टर को देखा गया।




जिलाधिकारी द्वारा गौवंश को गुण व केला खिलाया गया। डाक्टर द्वारा कम निरीक्षण किये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी का वेतन रोकने तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निरीक्षण दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डाक्टर द्वारा गौवंश की नियमित जांच करे। गौवंश हेतु हरा चारा, भूसा, पोषाहार की व्यवस्था ठीक रखने तथा गौवंश को ठण्ड से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

# सम्पादकीय

**अधिकांश दक्षिण एशिया के देश इन दिनों बेरोजगारी की मार से अभिशप्त हैं। हालांकि अमेरिका भी कर्ज से दबा हुआ है। दुनिया का सबसे ज़्यादा कर्जदार देश संयुक्त राज्य अमेरिका है, जिसका कुल राष्ट्रीय कर्ज 36 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है; हालांकि, अगर जी डी पी के अनुपात में देखें, तो जापान पर सबसे ज़्यादा कर्ज , जी डी पी के लगभग ढाई गुना है। मुझे ऐसा ...**

## अमेरिकी साम्राज्यवादी नीति, सार्क और भारत की चुनौती



वेनेजुएला में अमेरिका के हमले ने पूरी दुनिया को आगाह किया है। दक्षिण एशिया में हमारा देश भारत भी काफी सतर्क है। दक्षिण एशिया में मुख्य रूप से आठ देश शामिल हैं। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव, भूटान, और अफगानिस्तान हैं। ये देश अक्सर दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के सदस्य के रूप में भी जाने जाते हैं। ये देश भौगोलिक और सांस्ःतिक रूप से जुड़े हुए हैं। वेनेजुएला पर अमेरिका के आधिपत्य की कोशिश जमीन के नीचे जमा हुए रत्नों यानी कि तेल के लिए है। अमेरिका की नव साम्राज्यवादी नीति दक्षिण एशिया समेत पूरे विश्व के लिए खतरे की घंटी है। भारत पर अमेरिका ने 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया था, जिसका असर भारत के करीब चार लाख करोड़ के निर्यात पर असर पड़ने की संभावना है। अमेरिका का भारत विरोधी रुख चिंता का विषय है। अमेरिका द्वारा गुप्त रूप से पाकिस्तान का समर्थन करना भी भारत के लिए चिंता की बात है। वह तो श्री नरेंद्र मोदी जैसे मजबूत रीढ़ वाले प्रधानमंत्री के बस की बात है कि वे दुनिया के सामने न झुकने वाले प्रधानमंत्री रहे हैं। आपको याद होगा कि अमेरिका ने भारत पर उस समय भी प्रतिबंध लगाया था जब हमारे देश भारत के प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी थे। वे भी सशक्त रीढ़ वाले प्रधानमंत्री थे। दक्षिण एशिया के देशों में नेपाल में लोकतंत्र खतरे में था। छात्र आंदोलन ने वहां राजनीतिक तख्ता पलट किया। कहीं न कहीं दक्षिण एशिया के घटनाक्रम अमेरिका को चौधराहट के लिए एक सुगम रास्ता बनाते हैं। एशिया के देशों में चीन एक महाशक्ति है लेकिन वह भारत का परंपरागत दुश्मन रहा है। वह भरोसे के काबिल नहीं है। पीठ में छुरा घोंपने की उसकी पुरानी आदत है। दक्षिण एशिया के देशों में अफगानिस्तान पर अमेरिका के प्रहार को दुनिया अभी तक नहीं भूली है। बांग्लादेश में हिंसा और प्रतिहिंसा का दौर जारी है। वहां हिन्दू विरोध चरम पर है। इसके साथ ही आपको याद होगा कि बांग्लादेश में भी छात्र आंदोलन ने सियासी तख्तापलट किया था। बांग्लादेश में रोजी रोजगार के लिए आंदोलन सशक्त हैं। श्रीलंका की दशा कोई बहुत अच्छी नहीं है। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था 2022 के गहरे आर्थिक संकट (उच्च ऋण, विदेशी मुद्रा की कमी, महंगाई) से धीरे–धीरे उबर रही है। मालदीव के बारे में बात करें तो मालदीव एक खूबसूरत पर्यटन स्थल होने के बावजूद, एक नाजुक आर्थिक स्थिति में है, जिसे अपनी आय में विविधता लाने, कर्ज का प्रबंधन करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तत्काल सुधारों की आवश्यकता है। जहां तक भूटान की बात है तो यह एक निम्न–मध्यम आय वाला विकासशील देश है, जो आर्थिक रूप से गरीब देशों की सूची से बाहर निकल रहा है, लेकिन इसमें गरीबी और विशेषकर युवाओं में बेरोजगारी की समस्याएँ हैं। जहां तक भारत की बात है दक्षिण एशिया में मात्र एक भारत ही जो सशक्त देश है। रूस भारत का परंपरागत मित्र देश रहा है। अधिकांश दक्षिण एशिया के देश इन दिनों बेरोजगारी की मार से अभिशप्त हैं। हालांकि अमेरिका भी कर्ज से दबा हुआ है। दुनिया का सबसे ज़्यादा कर्जदार देश संयुक्त राज्य अमेरिका है, जिसका कुल राष्ट्रीय कर्ज 36 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है; हालांकि, अगर जी डी पी के अनुपात में देखें, तो जापान पर सबसे ज़्यादा कर्ज , जी डी पी के लगभग ढाई गुना है। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं न कहीं अमेरिका भी अपने देश की जनता का ध्यान कर्ज से से हटाना चाहती है। कोरोना के बाद दक्षिण एशिया सहित सम्पूर्ण विश्व आर्थिक रूप से सदमे में है। दक्षिण एशिया के अधिकांश देशों में युवा बेरोजगारी की समस्या बहुत गहरी है इसी के साथ विश्व के अधिकांश देश आर्थिक संकट से भी गुजर रहे हैं। ऐसे में भारत को बहुत सधे हुए कदमों के साथ इस वैश्विक संकट यानी अमेरिकी चौधराहट के विरुद्ध आगे बढ़ना होगा।

लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश

## पंचमुखी हनुमान मंदिर

पुरी के समंदर तट पर जहां उन्हें बेड़ी हनुमान के नाम से जाना जाता है, वहीं कर्नाटक में दूर पहाडियों के बीच वह विशाल अवतार में पंचमुखी अंजनेय के रूप में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। कर्नाटक के तुमकुरु जिले के पास बिदानगेरे में पंचमुखी अंजनेय स्वामी मंदिर स्थापित है, जहां दुनिया की सबसे बड़ी और अनोखे रूप वाली हनुमान प्रतिमा बनी है३ सच्ची भक्ति और आस्था का उदाहरण दुनिया को देने वाले पवनपुत्र हनुमान के कई मंदिर अलग–अलग रूपों में देखने को मिल जाते हैं। पुरी के समुद्र तट पर जहां उन्हें बेड़ी हनुमान के नाम से जाना जाता है, वहीं कर्नाटक में दूर पहाडियों के बीच वह विशाल अवतार में पंचमुखी अंजनेय के रूप में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। कर्नाटक के तुमकुरु जिले के पास बिदानगेरे में पंचमुखी अंजनेय स्वामी मंदिर स्थापित है, जहां दुनिया की सबसे बड़ी और अनोखे रूप वाली हनुमान प्रतिमा बनी है। आइए विस्तार से जानते हैं तुमकुरु पंचमुखी हनुमान मंदिर के बारे में। तुमकुरु के हनुमान मंदिर में 161 फुट की पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र है। प्रतिमा में हनुमान के पंचमुखी अवतार को दिखाया गया है, जिसमें पांच सिर और आठ हाथ हैं। हनुमान जी के हाथ में कलश, तलवार, सुदर्शन चक्र, पहाड़, फरसा, शंख, ढाल और त्रिशूल मौजूद हैं। प्रतिमा बिलकुल सोने की तरह चमकती है और लगता है कि हनुमान स्वयं इस प्रतिमा में समाहित हैं। प्रतिमा में हनुमान के पांच रूपों को दिखाया गया है, जिसमें वराह, गरुड़, वानर, नरसिंह और अश्व अवतार शामिल हैं। पंचमुखी अवतार हनुमान ने अहिरावण का वध करने के लिए लिया था। कहा जाता है कि अहिरावण बहुत शक्तिशाली था और उसने छल से भगवान राम और लक्ष्मण का अपहरण किया था। वह उन्हें अपने साथ पाताल लोक लेकर गया था। अहिरावण को हरा पाना मुश्किल था क्योंकि उसे वही हरा सकता था, जो पांचों दिशाओं में जल रहे दीपकों को एक साथ बुझा सके। पौराणिक कथाओं के मुताबिक अलग–अलग दिशाओं में जल रहे पांच दीपकों में अहिरावण के प्राण बसे थे। ऐसे में हनुमान ने भगवान राम और लक्ष्मण की रक्षा के लिए पंचमुखी अवतार लिया और असंभव काम को पूरा कर दिखाया। पंचमुखी अंजनेय स्वामी हनुमान की शक्ति का प्रतीक है। यहां पर भय और दुश्मनों से छुटकारा पाने के लिए भक्त दूर–दूर से दर्शन के लिए आते हैं। प्रतिमा दक्षिण दिशा की ओर है और इसके दर्शन मात्र से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है। भक्तों का मानना है कि भगवान के दर्शन मात्र से ही नकारात्मकता दूर होती है और सभी प्रकार के भय और कष्टों मुक्ति से मिलती है।

## स्वामी विवेकानंद : विदेशों में बिखेरी भारतीय संस्कृति की सुगंध

**स्थापनाएं: विवेकानंद ने 1 मई 1897 में कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन और 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की। उनके अंग्रेज अनुयायी कैप्टन सर्वियर और उनकी पत्नी ने हिमालय में 1899 में 'मायावती अद्वैत आश्रम' खोला। इसे सार्वभौमिक चेतना के अद्वैत दृष्टिकोण के एक अद्वितीय संस्थान के रूप में शुरू किया गया और विवेकानंद की इच्छानुसार, इसे ...**

स्वामी विवेकानंद (जन्म : 12 जनवरी 1863, मृत्यु : 4 जुलाई 1902) एक युवा संन्यासी के रूप में भारतीय संस्कृति की सुगंध विदेशों में बिखेरने वाले साहित्य, दर्शन और इतिहास के प्रकांड विद्वान थे। विवेकानंद जी का मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्त था, जो कि आगे चलकर स्वामी विवेकानंद के नाम से विख्यात हुए। युगांतरकारी आध्यात्मिक गुरु, जिन्होंने हिंदू धर्म को गतिशील तथा व्यावहारिक बनाया और सुदृढ़ सभ्यता के निर्माण के लिए आधुनिक मानव से पश्चिमी विज्ञान व भौतिकवाद को भारत की आध्यात्मिक संस्कृति से जोडने का आग्रह किया। कलकत्ता के एक कुलीन परिवार में जन्मे नरेंद्रनाथ चिंतन, भक्ति व तार्किकता, भौतिक एवं बौद्धिक श्रेष्ठता के साथ–साथ संगीत की प्रतिभा का एक विलक्षण संयोग थे। भारत में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्वनाथदत्त पाश्चात्य सभ्यता में आस्था रखने वाले व्यक्ति थे। विश्वनाथदत्त के घर में उत्पन्न होने वाला उनका पुत्र नरेंद्रदत्त पाश्चात्य जगत को भारतीय तत्वज्ञान का संदेश सुनाने वाला महान विश्व–गुरु बना। 1879 में 16 वर्ष की आयु में उन्होंने कलकत्ता से प्रवेश परीक्षा पास की। अपने शिक्षा काल में वे सर्वाधिक लोकप्रिय और एक जिज्ञासु छात्र थे। किंतु हरबर्ट स्पेंसर के नास्तिकवाद का उन पर पूरा प्रभाव था। स्नातक उपाधि प्राप्त करने के बाद वह ब्रह्म समाज में शामिल हुए, जो हिंदू धर्म में सुधार लाने तथा उसे आधुनिक बनाने का प्रयास कर रहा था। युवावस्था में उन्हें पाश्चात्य



दार्शनिकों के निरीश्वर भौतिकवाद तथा ईश्वर के अस्तित्व में दृढ़ भारतीय विश्वास के कारण गहरे द्वंद्व से गुजरना पड़ा। परमहंस जी जैसे जौहरी ने रत्न को परखा। उन दिव्य महापुरुष के स्पर्श ने नरेंद्र को बदल दिया।

इसी समय उनकी भेंट अपने गुरु रामकृष्ण से हुई, जिन्होंने पहले उन्हें विश्वास दिलाया कि ईश्वर वास्तव में है और मनुष्य ईश्वर को पा सकता है। रामकृष्ण ने सर्वव्यापी परमसत्य के रूप में ईश्वर की सर्वोच्च अनुभूति पाने में नरेंद्र का मार्गदर्शन किया और उन्हें शिक्षा दी कि सेवा कभी दान नहीं, बल्कि सारी मानवता में निहित ईश्वर की सचेतन आराधना होनी चाहिए। यह उपदेश विवेकानंद के जीवन का प्रमुख दर्शन बन गया। कहा जाता है कि उस शक्तिपात के कारण कुछ दिनों तक नरेंद्र उन्मत्त–से रहे। उन्हें गुरु ने आत्मदर्शन करा दिया था। पचीस वर्ष की अवस्था में नरेंद्रदत्त ने काषायवस्त्र धारण किए। अपने गुरु से प्रेरित होकर नरेंद्रनाथ ने संन्यासी जीवन बिताने की दीक्षा ली और स्वामी विवेकानंद के रूप में जाने गए। जीवन के आलोक को जगत के अंधकार में भटकते प्राणियों के समक्ष उन्हें उपस्थित करना था। स्वामी विवेकानंद ने पैदल ही पूरे भारत की यात्रा की।

वेदांत धर्मः 1897 में जब विवेकानंद भारत लौटे, तो राष्ट्र ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ उनका स्वागत किया और उनके द्वारा दिए गए वेदांत के मानवतावादी, गतिशील तथा प्रायोगिक संदेश ने हजारों लोगों को प्रभावित किया। स्वामी विवेकानंद ने सदियों के आलस्य को त्यागने के लिए भारतीयों को प्रेरित किया और उन्हें विश्व नेता के रूप में नए आत्मविश्वास के साथ उठ खड़े होने तथा दलितों व महिलाओं को शिक्षित करने तथा उनके उत्थान के माध्यम से देश को ऊपर उठाने का संदेश दिया। स्वामी विवेकानंद ने घोषणा की कि सभी कार्यों और सेवाओं को मानव में पूर्णतरू व्याप्त ईश्वर की परम आराधना बनाकर वेदांत धर्म को व्यावहारिक बनाया जाना जरूरी है। वह चाहते हैं कि भारत पश्चिमी देशों में भी आध्यात्मिकता का प्रसार करे। स्वामी विवेकानंद ने घोषणा की कि सिर्फ अद्वैत वेदांत के आधार पर ही विज्ञान और धर्म साथ–साथ चल सकते हैं, क्योंकि इसके मूल में अवैयक्तिक ईश्वर की आधारभूत धारणा, सीमा के अंदर निहित अनंत और ब्रह्मांड में उपस्थित सभी वस्तुओं के पारस्परिक मौलिक संबंध की दृष्टि है। उन्होंने सभ्यता को मनुष्य में दिव्यता के प्रतिरूप के तौर पर परिभाषित किया और यह भविष्यवाणी भी की कि एक दिन पश्चिम जीवन की अनिवार्य दिव्यता के वेदांतिक सिद्धांत की ओर आकर्षित होगा। मसीहा के रूप में अरबिंदो घोष, सुभाषचंद्र बोस, सर जमशेदजी टाटा, रबींद्रनाथ टैगोर तथा महात्मा गांधी जैसे महान व्यक्तियों ने स्वामी विवेकानंद को भारत की आत्मा को जागृत करने वाला और भारतीय राष्ट्रवाद के मसीहा के रूप में देखा। विवेकानंद 'सार्वभौमिकता' के मसीहा के रूप में उभरे।

स्थापनाएंः विवेकानंद ने 1 मई 1897 में कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन और 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की। उनके अंग्रेज अनुयायी कैप्टन सर्वियर और उनकी पत्नी ने हिमालय में 1899 में 'मायावती अद्वैत आश्रम' खोला। इसे सार्वभौमिक चेतना के अद्वैत दृष्टिकोण के एक अद्वितीय संस्थान के रूप में शुरू किया गया और विवेकानंद की इच्छानुसार, इसे उनके पूर्वी और पश्चिमी अनुयायियों का सम्मिलन केंद्र बनाया गया।

ग्रंथों की रचनाः योग, राजयोग तथा ज्ञानयोग जैसे ग्रंथों की रचना करके विवेकानंद ने युवा जगत को एक नई राह दिखाई, जिसका प्रभाव जनमानस पर युगों–युगों तक छाया रहेगा।

**इन्हीं विचारों ने हमें हर कालखंड में, हर परिस्थिति में फिर से उठ खड़े होने, मजबूत बनने और आगे बढ़ने का सामर्थ्य दिया है। इन्हीं मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया हमारे इनोवेटिव युवाओं में निवेश करना चाहती है। हमारी कला, संस्कृति, हमारा संगीत और हमारे अनेक पर्व आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। स्वस्थ जीवन...**

## सोमनाथ : आस्था के हजार वर्ष, आशा का अनंत नाद

अतीत के आक्रमणकारी आज समय की धूल बन चुके हैं। उनका नाम अब विनाश के प्रतीक के तौर पर लिया जाता है। इतिहास के पन्नों में वे केवल फुटनोट हैं, जबकि सोमनाथ आज भी अपनी आशा बिखेरता हुआ प्रकाशमान खड़ा है। सोमनाथ हमें ये बताता है कि घृणा और कट्टरता में विनाश की विकृत ताकत हो सकती है, लेकिन आस्था में सृजन की शक्ति होती है।

सोमनाथ, ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतीकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम्‌ में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है... 'सौराष्ट्रे सोमनाथं च...' यानी ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, पूरी होती हैं व मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा व प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था।



वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, यह मंदिर ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था।

सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय–समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनरूनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे। 1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार–बार सोमनाथ पर आक्रमण के लिए उकसाया। यह लोगों व हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन हर बार जब मंदिर पर हमला हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया। हर बार, पीढ़ी दर पीढ़ी, हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को पुनः जीवंत किया।

एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर पहले आक्रमण, लोगों से क्रूरता व विध्वंस का वर्णन कई ऐतिहासिक स्रोतों में मिलता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा लगातार महसूस होती है। कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर व लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत था। ये ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर–दूर तक ले जाते थे।

सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास व गर्व से कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं। ये 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है।

गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं के भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है– मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है।

सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए व्याख्यान में उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'दक्षिण भारत के प्राचीन मंदिर और गुजरात के सोमनाथ जैसे मंदिर आपको ज्ञान के अनगिनत पाठ सिखाएंगे। ये आपको किसी भी संख्या में पढ़ी गई पुस्तकों से अधिक हमारी सभ्यता की गहरी समझ देंगे। इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं, और सैकड़ों बार इनका पुनर्निर्माण हुआ है। ये बार बार नष्ट किए गए, और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त व जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, राष्ट्रीय जीवनधारा है। इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु।' आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। 1947 में दिवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोरा, उन्होंने तत्काल घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा।



# जून 2024 के एलन मस्क के ट्वीट में छिपी है वैनेजुएला पर कंट्रोल की कहानी, इस बदलाव से **Tesla CEO** को क्या बड़ा फायदा होने वाला है?

एक ऐसे कदम से जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया, संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला पर बमबारी की और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का अपहरण कर लिया। इस दौरान निंदा और प्रशंसा दोनों ही देखने को मिलीं। फ्लोरिडा स्थित अपने मार–ए–लागो रिसॉर्ट में एक संवाददाता सम्मेलन में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मादुरो को पकड़ने के इस अभियान की प्रशंसा करते हुए इसे अमेरिकी इतिहास में अमेरिकी सैन्य शक्ति और क्षमता का सबसे आश्चर्यजनक, प्रभावी और शक्तिशाली प्रदर्शन बताया। यह 2011 में अमेरिकी नौसेना की ़ैम्स टीम द्वारा पाकिस्तान के एबटाबाद स्थित एक सुरक्षित ठिकाने में अल–कायदा नेता ओसामा बिन लादेन को मार गिराए जाने के बाद से वाशिंगटन द्वारा स्वीकृत सबसे जोखिम भरा और सबसे चर्चित सैन्य अभियान था। 63 वर्षीय मादुरो के अपहरण की खबर ने वैश्विक समाचार जगत में हलचल मचा दी। वेनेजुएला पर अमेरिकी एक्शन के बाद एलन मस्क की भी खूब चर्चा हो रही है।

वेनेजुएला के बदलाव से एलन मस्क का क्या बड़ा फायदा होने वाला है?

वेनेजुला के पास एक और खास इलाके हैं जहां पर माइनिंग आग के नीचे करीब 10,000 टन सोना दबा पड़ा है। अब अगर आज के भाव में वहां की जमीन के नीचे लाखों करोड़ों जिसमें ट्रिलियन डॉलर्स में पैसा है वो आप देखें तो आप समझ जाएंगे कि अमेरिका को यहां पर तेल से कहीं ज्यादा सोना मिल रहा है और यह सोना क्यों जरूरी है? तेल निकालने में वक्त लगता है। पाइप लाइन टूटी हुई है। रिफाइनरी जलानी पड़ेगी। सालों लग जाएंगे। लेकिन सोना सोना तो लिक्विड कैश है। जैसे ही अमेरिका अपनी पसंद की कठपुतली सरकार को वहां बिठाएगा। यह सारा सोना जो है तुरंत अमेरिका और पश्चिमी देशों




के बैंकों के पास पहुंच जाएगा। वो इसे अपने कर्ज चुकाने और अपनी गिरती हुई अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए इस्तेमाल करेंगे। वो सोना लंदन के बैंकों में जो सालों से फंसा था अब एक झटके में अमेरिका के हाथ लग जाएगा और यहीं से एंट्री होती है दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क की भी। वेनेजुला के उपराष्ट्रपति ने एक संकेत दिया था कि वेनेजुला में जो सत्ता परिवर्तन हो रहा है उसका मकसद सिर्फ तेल नहीं है। वो मिनरल्स पर कब्जा करना भी है। उन्होंने साफ शब्दों में मिनरल शब्द का इस्तेमाल किया था।

वेनेजुएला की मिट्टी में कोल्टन और लिथियम जैसे मिनिरल्स

आपको जानकर हैरानी होगी कि वेनेजुएला की मिट्टी में कोल्टन और लिथियम जैसे बेशकीमती मिनरल्स हैं। यह वही चीजें हैं जिनसे हमारे आपके हाथ में स्मार्टफोन चलता है और वो एलॉन मस्क की टेस्ला की बैट्रियां आती हैं। अगर आपको याद हो कुछ साल पहले बोलीविया जहां लिथियम बहुत ज्यादा है वहां तख्ता पलट हुआ था और तब एलॉन मस्क की तरफ से एक ट्वीट आया था और उस ट्वीट में जो उन्होंने लिखा था उसका हिंदी अनुवाद था कि हम जिसका चाहे उसका तख्ता पलट करेंगे। आप आदत डाल लीजिए।

यह ट्वीट एलॉन मस्क को और अमेरिका के बड़े व्यापारियों की मानसिकता को दिखाता है जो एक गुंडे की तरह कब्जाने की नीति को फॉलो करते हैं। एलन मस्क को इलेक्ट्रिक कारों और रोबोट्स के लिए सस्ती बैट्रियां चाहिए। वेनेजुला के पास उन बैट्रियां कच्चा माल है। यही वजह है कि आज एलन मस्क के बहुतेरे ट्वीट्स होंगे जो आपको माधुरी के खिलाफ मिल जाएंगे। एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप एक साथ एक सोच पर वेनेजुला और मादरो पर आगे बढ़े क्योंकि यह पूरी कहानी धंधे की है और हमारे यहां तो महमूद साहब बहुत पहले ही कह गए थे सबसे बड़ा रुपैया। इसीलिए शायद ट्रंप और मस्क की दोस्ती के बारे में पूरी दुनिया जानती है कि सिर्फ दोस्त नहीं है। यह बिजनेस पार्टनर्स हैं। ट्रंप को ताकत मिली एलॉन मस्क को खनिजों की चाबी। यह लड़ाई लोकतंत्री कहीं से नहीं थी।

# जो रूट ने रचा इतिहास, रिकी पोंटिंग की बराबरी, अब सिर्फ तेंदुलकर और कैलिस आगे

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक टेस्ट शतक बनाने वाले संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। सोमवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना 41वां टेस्ट शतक बनाकर इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज पोंटिंग ने 168 टेस्ट मैचों में 51.85 के शानदार औसत से 13378 रन बनाए हैं, जिनमें 41 शतक और 62 अर्धशतक शामिल हैं।



सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान रूट ने 146 गेंदों में अपना 41वां टेस्ट शतक पूरा किया। यह चल रही एशेज सीरीज में रूट का दूसरा शतक था। इससे पहले, इस अनुभवी बल्लेबाज ने ब्रिस्बेन में पिंक बॉल टेस्ट के दौरान शतक जड़ा था। 2021 के बाद से, यह रूट का 24वां टेस्ट शतक है, जो किसी भी खिलाड़ी द्वारा बनाए गए शतकों की संख्या से अधिक है। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतकों की सूची में, रूट दक्षिण अफ्रीका के महान खिलाड़ी जैक्स कैलिस (45) और भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर (51) से ठीक पीछे हैं। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने टेस्ट फॉर्मेट में 14,000 रन बनाने के करीब पहुंचकर 162 मैचों में 296 पारियों में 13777 रन बनाए हैं। रूट का औसत 50.83 का है।

इस बीच, दूसरे दिन लंच तक इंग्लैंड मजबूत स्थिति में पहुंच गया। पहली पारी में थ्री लायंस ने 78 ओवरों में 336 रन बनाए, जिसमें विल जैक्स (11 गेंदों पर 3' रन) और रूट (200 गेंदों पर 138' रन, जिसमें 14 चौके शामिल हैं) नाबाद रहे। सातवें विकेट के लिए साझेदारी 20 गेंदों पर 13 रन की है। दूसरे सत्र की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने चौथे विकेट के लिए बनी 169 रनों की विशाल साझेदारी को तोड़ते हुए 48वें ओवर की चौथी गेंद पर ब्रूक को आउट किया। ब्रूक ने 97 गेंदों में 84 रन बनाए थे, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल था।

# जनपद में शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने हेतु धारा–163 लागू

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद बलरामपुर में शांति, कानून–व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा.163 के अंतर्गत आदेश जारी किया गया है। यह आदेश 01 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक सम्पूर्ण जनपद बलरामपुर में प्रभावी रहेगा। जनपद की भौगोलिक स्थिति, मिश्रित आबादी तथा आगामी माहों में पड़ने वाले विभिन्न धार्मिक एवं सांस्‍तिक पर्वों. जैसे पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, महाशिवरात्रि, होली, ईद–उल–फितर एवं रामनवमी आदि. को .ष्टिगत रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति, अफवाह अथवा शांति भंग की आशंका को रोका जा सके।

## .आदेश के प्रमुख बिंदु

सार्वजनिक स्थानों पर पाँच या अधिक व्यक्तियों का एकत्र होना प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति हथियार, लाठी, डंडा, चाकू, विस्फोटक या ज्वलनशील पदार्थ लेकर नहीं चलेगा। बिना अनुमति जुलूस, धरना, प्रदर्शन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। भड़काऊ भाषण, नारेबाजी, अफवाह अथवा साम्प्रदायिक तनाव फैलाने वाली गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बिना अनुमति लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर पटाखों अथवा विस्फोटक पदार्थों का भंडारण एवं प्रयोग नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की नई धार्मिक अथवा सामाजिक परंपरा प्रारंभ करने की अनुमति नहीं होगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा.223 के अंतर्गत कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की अपील जिला प्रशासन ने जनसामान्य से अपील की है कि वे शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन अथवा पुलिस को दें। आदेश का व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए सभी थाना प्रभारी, उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

# जहां हमले की अमेरिका सपने में भी सोच भी नहीं सकता, वो बनेगा खामनेई का महफूज ठिकाना ? ट्रंप के ऑपरेशन ईरान से पहले ही प्लान बी एक्टिवेट

ईरान द्वारा दुश्मन के सामने न झुकने की घोषणा करने और अपने विरोधियों को ष्घुटने टेकनेष पर मजबूर करने की कसम खाने के कुछ दिनों बाद, देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई कथित तौर पर अशांति बढ़ने या सुरक्षा बलों द्वारा विरोध प्रदर्शनों को नियंत्रित करने में विफल रहने की स्थिति में ईरान छोड़ने की आकस्मिक योजना तैयार कर रहे हैं। द टाइम्स की रिपोर्ट में बताया कि अगर सेना या सुरक्षा सेवाएं उनके आदेश मानने से इनकार करती हैं, दल बदल लेती हैं या स्थिति पर नियंत्रण खो देती हैं, तो 86 वर्षीय नेता परिवार और करीबी सहयोगियों सहित लगभग 20 लोगों के साथ तेहरान छोड़ देंगे। इस योजना में उनके बेटे मोजतबा भी शामिल हैं, जिन्हें वे अपना उत्तराधिकारी मानते हैं।

ईरान की सत्ता पर अमेरिका की नजर

वेनेजुएला के तेल संसाधनो पर अमेरिकी कब्जे का सीधा अर्थ है कि अब उसकी नजरे ईरान में सत्ता बदलाव पर है। ऐसे में वेनेजुएला के तेल पर कंट्रोल इस दिशा में मददगार साबित हो सकता है। भविष्य में जब भी ईरान में दखल दिया जाएगा, तो पश्चिम एशिया के तेल की कीमतों मे संभावित वृद्धि के मद्देनजर ये कदम अहम साबित होगा। ट्रप खुद को शांति का दूत बताते है लेकिन बावजूद इसके अमेरिका ने इस एक्शन से एक तथ्य प्रमाणित कर दिया है, वह अब भी उतना शक्तिशाली है, जितना वह शीत युद्ध के



समय या शीत युद्ध के बाद था। अब ये तय है कि ईरान पर हमला कुछ वक्त की ही बात है। इसके बाद वर्ल्ड ऑर्डर में भी बदलाव आएगा।

कहां शरण ले सकते हैं खामनेई

कथित पलायन रणनीति पूर्व सीरियाई नेता बशर अल–असद के उदाहरण से प्रभावित प्रतीत होती है, जो तेहरान के करीबी सहयोगी हैं और दिसंबर 2024 में विपक्षी बलों द्वारा सीरियाई राजधानी पर कब्जा करने से पहले अपने परिवार के साथ दमिश्क से मॉस्को भाग गए थे। द टाइम्स ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि खामेनेई की टीम ने पहले ही निकास मार्गों की रूपरेखा तैयार कर ली है और स्थिति बिगड़ने की स्थिति में उनके प्रस्थान के लिए विदेशी संपत्तियों और नकदी भंडार सहित रसद सहायता की तैयारी कर ली है। माना जाता है कि खामेनेई एक व्यापक वित्तीय नेटवर्क को नियंत्रित करते हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा सेटाड के माध्यम से संचालित होता है। सेटाड एक शक्तिशाली समूह है जो अपारदर्शी वित्तीय संरचनाओं के लिए जाने जाने वाले अर्ध–सरकारी धर्मार्थ संस्थानों से जुड़ा हुआ है। 2013 में रॉयटर्स की एक जांच में अनुमान लगाया गया था कि कंपनियों और अचल संपत्ति सहित उनके नियंत्रण में संपत्तियों का मूल्य लगभग 95 अरब डॉलर है। इजरायल के साथ युद्ध के बाद से खामेनेई का स्वास्थ्यः खुफिया आकलन में यह भी कहा गया है कि पिछले साल इजरायल के साथ हुए लगभग 12 दिनों के युद्ध के बाद से खामेनेई मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो गए हैं। तब से उन्होंने कुछ ही सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज कराई हैं और हाल के विरोध प्रदर्शनों में उनकी अनुपस्थिति उल्लेखनीय रही है। टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, संघर्ष के दौरान, उन्होंने कथित तौर पर एक बंकर में शरण ली थी ताकि इजरायली हमलों में मारे गए कई वरिष्ठ आईआरजीसी कमांडरों जैसी स्थिति से बच सकें। एक ओर तो वे विचारधारा से बेहद प्रेरित हैं, लेकिन दूसरी ओर वे व्यावहारिक भी हैं।

# निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण– राजनैतिक दलों के साथ बैठक आज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल ने अवगत कराया है कि निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–राजनैतिक दलों के साथ बैठक 6 जनवरी,2026 को जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में मध्याह्न 12.00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी है। निर्गत संशोधित समय सारिणी के अनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी,2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाही गतिमान है। आयोग द्वारा अनुमोदित कार्यक्रमानुसार आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 06 जनवरी,2026 को किया जाना है। उन्होंने अध्यक्ष/सचिव समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल,जनपद सोनभद्र को बैठक में उपस्थिति के लिए अपील की है।

# चोरी की मोटरसाइकिल एवं अवैध असलहे के साथ एक अभियुक्त गिरतार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी के निर्देशन में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कोहरौल पानी टंकी के पास से एक अभियुक्त को गिरतार किया गया, जिसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर तथा एक अदद जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। उक्त बरामदगी एवं गिरतारी के सम्बन्ध में थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0. 04/2026, धारा 317(2), 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस एवं धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजी. त कर गिरतार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। गिरतार अभियुक्त नदीम खान पुत्र मुस्तकीम, निवासी शर्मा कॉलोनी बैढ़न, थाना बैढ़न, जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश उम्र लगभग 22 वर्ष ने पूछताछ में बताया कि बरामद मोटरसाइकिल को उसने 14.12. 2025 की रात्रि में रायगढ़ दानेपारा लाल टंकी के पास से चोरी किया था। अभियुक्त ने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने के उद्देश्य से वह ग्राहक की तलाश में था तथा पुलिस से बचने के लिए मोटरसाइकिल टीवीएस रेडॉन की नम्बर प्लेट को छलपूर्वक कूटरचित फर्जी नम्बर से बदल दिया था। अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि वह इस प्रकार की चोरी की घटनाएँ पूर्व में भी करता रहा है तथा अपनी सुरक्षा के लिए अवैध असलहा रखता है, जिससे पकड़े जाने की स्थिति में लोगों को डरा–धमकाकर मौके से फरार हो सके।




# विजय हजारे ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर की दमदार वापसी, चोटिल शार्दुल ठाकुर की जगह बने मुंबई के कप्तान

भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए मुंबई टीम का कप्तान बनाया गया है। श्रेयस ने शार्दुल ठाकुर की जगह ली है, जो चोट के कारण इस प्रमुख घरेलू 50 ओवर के टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। सोमवार को जारी एक बयान में एसोसिएशन ने कहा कि एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि श्रेयस अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए मुंबई सीनियर पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। इस बीच, 6 और 8 जनवरी को लीग चरण के शेष दो मैचों में मुंबई की कप्तानी अय्यर करेंगे। हालांकि, वीएचटी नॉकआउट में उनकी भागीदारी निश्चित नहीं है क्योंकि अय्यर को न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भारत की वनडे टीम में भी शामिल किया गया है। भारतीय टीम की घोषणा करते हुए बीसीसीआई ने कहा था कि न्यूजीलैंड वनडे सीरीज में अय्यर की भागीदारी उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी। न्यूजीलैंड वनडे सीरीज 11 जनवरी से शुरू होगी, जबकि वीएचटी नॉकआउट 12 से 18 जनवरी तक होंगे। यदि अय्यर को बीसीसीआई की मेडिकल टीम से न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में खेलने की अनुमति मिल जाती है, तो वे वीएचटी नॉकआउट में नहीं खेल पाएंगे। तब मुंबई को एक अलग कप्तान नियुक्त करना होगा। एमसीए सचिव उन्मेश खानविलकर ने कहा, ष्स्थिति स्पष्ट होने पर हम निर्णय लेंगे। श्रेयस शेष दो लीग मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे।ष अय्यर पिछले साल अक्टूबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे वनडे के दौरान तिल्ली में चोट लगने के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं।

# मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने पुरे विश्व के मानव को सनातन संस्कृति में बाँधने का कार्य किया जिसे संघ ने संजोये रखा–अरविन्द

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सोमवार को जिले के पापी न्याय पंचायत के केकराही पंचायत भवन प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत गौ सेवा संयोजक अरविन्द कुमार रहे। हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए अरविन्द कुमार ने कहा की हिंदू धर्म मानवता का धर्म है।हम सभी हिंदू हैं।क्योंकि हमारे सभी पुरखे हिंदू थे इसलिए हम हिंदू हैं, हमारी संस्‍ति हिंदू है इसलिए हम हिंदू है। मनुष्य मनुष्यत्व पर जो हिंदुत्व है वही राष्ट्रीयत्व है वही भारतीयत्व है हमारे पुरखों ने हमको विशाल हृदय भी दिया है विशालता भी सिखाया है। वसुंधरा परिवार हमारा यह विश्व एक परिवार है। दुनिया में अगर कोई विश्व को परिवार मानता है तो वो केवल और केवल हिंदू ही है जो कहते हैं कि विश्व हमारा परिवार है हम इतना विशाल चिंतन रखते हैं। हमारी संस्‍ति के अनुसार मातृ शक्ति का सम्मान माता लक्ष्मी के रूप में है सरस्वती के रूप में है दुर्गा के रूप में है और वहीं जब धर्म पर संकट सामने दिखन लगे तो यहीं नारी चंडी के रूप में भी प्रकट हो जाती है और इसलिए नारी से नर होता है जैसे ध्रुव, प्रहलाद। नारी निंदा न करो नारी नर की खान है।नर से नरोत्तम बनाने का काम जीजा माता बाल शिवा को शिवाजी बना करके दुश्मनों को धूल चटाने का काम करती है। नारी अपने पति के प्राणों को लाने के लिए यमराज से भी लड़ाई लड़ जाती है। नारी की ताकत है उसकी ताकत को हम पहचानें और उसका सम्मान करें परिवार को मजबूत करें।यह अवधारणा हिंदू धर्म के मूल दर्शन और मान्यताओं में गहराई से निहित है।हिंदू दर्शन जैसे उपनिषद और भगवद गीता जीवन के मौलिक प्रश्नों जैसे आत्मा, कर्म और मोक्ष से संबंधित हैं, जो सार्वभौमिक और शाश्वत हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक्टर रामआशीष और संचालन नवनीत ने किया।कार्यक्रम में जिला संयोजक आलोक कुमार चतुर्वेदी, सह संयोजक राजीव कुमार मिश्र,हिन्दू सम्मेलन जिला टोली सदस्य/सरस्वती शिशु मंदिर अध्यक्ष बलदेव सिंह,हिन्दू सम्मेलन खण्ड संयोजक राजेश मिश्र,जितेंद्र सह खण्ड कार्यवाह, कामेश सिंह खण्ड कार्यवाह, दिनेश जिला कार्यवाह,राहुल जिला प्रचारक, अंकुर,ओंकार,रविन्द्र बहादुर,सुधीर सिंह,सीबी सिंह,रोहित,राकेश सिंह,उमाकांत मिश्रा,प्रसन्न पटेल,रामचन्द्र,अभय कांत दुबे,ओमप्रकाश केसरी आदि लोग उपस्थित रहे।



# झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग सेतु निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री से मिले नगर पालिका अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री एवं परम पूज्य पीठाधीश्वर गोरक्षपीठ आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी से आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ.धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धीरू ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने बलरामपुर नगर की अत्यंत महत्वपूर्ण जनसमस्या झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित ऊपरगामी सेतु (ओवरब्रिज) के शीघ्र निर्माण हेतु आवश्यक एनओसी (छव्ब्) मुख्यमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए परियोजना को स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने अवगत कराया कि उक्त रेलवे क्रॉसिंग नगर का प्रमुख आवागमन मार्ग है,जहाँ प्रतिदिन भारी यातायात के कारण लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रहती है,जिससे आम नागरिकों,विद्यार्थियों एवं रोगियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनहित को सर्वोपरि मानते हुए सेतु निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराए जाने का आश्वासन दिया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के संकेत दिए। इसके अतिरिक्त नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा नगर में अतिक्रमण के कारण क्षतिग्रस्त नालियों एवं सड़कों के पुनर्निर्माण,यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत बलरामपुर नगर के समग्र,सुव्यवस्थित एवं सतत विकास को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री जी ने नगर विकास से जुड़े सभी विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए शासन स्तर से हरसंभव सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया। इस महत्वपूर्ण मुलाकात को लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह है तथा उन्हें पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं नगर पालिका परिषद के निरंतर प्रयासों से बलरामपुर नगर विकास की नई ऊँचाइयों को स्पर्श करेगा।

## बलरामपुर– ए जी हाशमी इंटर कालेज के व्यायाम शिक्षक मो. सुहेल बने उत्तर प्रदेश टीम के मैनेजर

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी गतका अंडर 19 बालक/बालिका, जुडो अंडर– 14 बालक/बालिका एवं ताक्वांडो



अंडर–14 बालक/बालक प्रतियोगिता लुधियाना, पंजाब में दिनाँक, 05 जनवरी, 2026 से 11 जनवरी, 2026 तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में देवीपाटन मंडल के जनपद बलरामपुर के ए जी हाशमी इंटर कालेज के व्यायाम शिक्षक मो. सुहेल को उत्तर प्रदेश की टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक पांडेय,साधना पांडे ,कुमेश सरोज,राकेश सिंह,हेमंत तिवारी, वीरेंद्र शुक्ला,हरि प्रकाश वर्मा सहित सईद अहमद,मदन लाल,अर्पण पांडेय,पंकज पांडेय,अभय शंकर,नवीन पाल, उमेश चौधरी, विष्णु प्रताप सैनी सहित दर्जनों शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है साथ जनपद के खेल जगत जुड़े तमाम लोगों मो सुहेल को नियुक्ति पर शुभकामनाएं दी हैं।

# गोण्डा के विश्व हिंदू परिषद् जिलाध्यक्ष बने दिवाकर सोमानी,कार्यकर्ताओ ने दी शुभकामनाएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा। गोण्डा जनपद के विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के जिलाध्यक्ष बने दिवाकर सोमानी।इस सम्बन्ध मे जिलाध्यक्ष दिवाकर ने बताया की संगठन का कार्यक्रम प्रांत योजना बैठक 3 व 4 जनवरी को हरदोई के जे. के. ग्रैंड रिजॉर्ट में आयोजित की गई थी,जिसमें केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे,क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेंद्र,प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप सिंह ने प्रतिभाग किया था जिनके मार्गदर्शन मे प्रांत के 25 जिलो से आए हुए प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ।बैठक में विशेष चर्चा का विषय रहा धर्मांतरण, लव ज़ेहाद,सामाजिक समरसता, गौ रक्षा आदि विषयों पर व्यापक विचार विमर्श व इनके मनसूबों को जनता तक पहुंचाने की योजना बनाई गई।इस मौके पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने हेतु दायित्व परिवर्तन व नवीन दायित्व की घोषणा की गई।जिसमें गोण्डा जनपद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिवाकर सोमानी को



संगठन के प्रति उनकी कार्य कुशलता,ईमानदारी व सज्जनता एवं संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए नवीन दायित्व जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद गोण्डा की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, इससे पूर्व सोमानी ने संगठन में जिला कोषाध्यक्ष,जिला मंत्री जैसे प्रमुख दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन किया है।नवीन दायित्व मिलने पर श्री सोमानी ने कहा कि हिंदुत्व के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया है, आजीवन संगठन, हिंदुत्व एवं राष्ट्र सेवा में लगा रहूंगा।जिलाध्यक्ष बनने पर विहिप के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख गोविंद संगठन मंत्री दीपेंद्र, महेश तिवारी,राम प्रकाश गुप्ता,ओम प्रकाश सोनी, राकेश वर्मा राजकुमार शुक्ला, गुदगुद मिश्रा,दुर्गा प्रसाद चौबे, पंकज अग्रवाल,विशाल अग्रवाल, शिवकुमार सोनी, भूपेंद्र आर्य, भरत गिरी, दीपक अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, नीरज मौर्य, विद्याभूषण द्विवेदी, शशांक श्रीवास्तव, संगम लाल गुप्ता, सर्वजीत सिंह,राजू गोस्वामी, योषित सक्सेना, सीताराम कुशवाहा आदि कार्यकर्ताऑ व शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई प्रेषित की।

# डीएम नेहा शर्मा का ट्रांसफर होते ही अधिकारी हुए निरंकुश, ग्राम पंचायतों में सचिवों के मिलीभगत से बढ़ा भ्रष्टाचार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। गोण्डा जनपद की पूर्व डीएम श्रीमती नेहा शर्मा का स्थानांतरण होने के बाद से निरंकुश हो चुके कुछ अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार की खबरों पर कार्यवाही करना तो दूर उसको संज्ञान में भी न लिए जाने से ग्राम पंचायतो मे लूट की छूट दिए जाने जैसा लग रहा है।ब्लाक पंडरी कृपाल अन्तर्गत ग्राम पंचायत कपिसा व तुलसीपुर कोडरी तथा भीटी पटखौली में विकास की गंगा मे सिर्फ सचिव और प्रधान ही नहा रहे हैं।ग्राम पंचायत में हजारों रूपए बिना कार्य के भुगतान हो गया जिसकी पुष्टि एडीओ पंचायत भूदेव सिंह ने करीब 15 दिन पहले दूरभाष पर करते हुए बताया कि बिना कार्य के भुगतान होने की पुष्टि




हुई है रिपोर्ट बन रही है सम्बंधित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। इतने दिन बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने से लोगों मे चर्चा है कि जब जांच हो गया है तो रिपोर्ट बनने मे देर क्यों क्या पंचायत सचिव व प्रधान पर कृपा दृष्टि तो नहीं डाली जा रही है या बचाव वाली रिपोर्ट तो नही तैयार किया जा रहा है।वहीं कुछ लोगों में चर्चा रही कि यदि डीएम नेहा शर्मा होती तो उनके व्हाट्सएप्प नम्बर पर खबर जाते ही निष्पक्ष जांच व कार्यवाही हो जाती।ग्राम पंचायतो कि खबरें भी प्रकाशित हो चुकी है और जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दूबे को भी ग्राम पंचायत मे हुए जन–धन के निकासी के बाद भी कार्य न होने की जानकारी पूर्व की खबरों के माध्यम हो चुकी है।लेकिन अभी तक कार्यवाही न होना सक के घेरे मे ले रहा है हिचकोले।ग्रामीणों के चर्चा के मुताबिक एडीपीआरओ ग्राम कपिसा गये थे लेकिन जहां कमियां थीं उस सिरे तक पहुंचे ही नहीं और चले आये जिससे लोगो मे भ्रम पैदा हो रहा है कि जब सतगुरु गुप्ता के घर तक निरीक्षण किया तो लहरी के घर तक क्यों निरीक्षण नहीं किया जबकि एक बार मरम्मत के नाम पर धन निकासी है तो दूसरी बार निर्माण का रुपया निकाला गया है।फिर हाल कहीं न कहीं बड़ा झोलझाल है जो ग्रामवासियों ने समझ लिया है और लगातार नजर बनाए हुए हैं तो वहीं ब्लाक से लेकर जिले तक के अधिकारियों के कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

# सुभासपा ने बनाया त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की रणनीति

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। सोमवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी 'सुभासपा' की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष




मनोज राजभर की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की रणनीति पर विचार किया गया। बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष वृजभूषण मिश्र ने विधानसभा और ब्लाक वार बूथों का गठन कर लिया जाय। पार्टी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मजबूती से उतरेगी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामललित चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पूरी ताकत से जुट जाय। उन्होने जनहित के सवालों को लेकर संघार्ष पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष मनोज राजभर ने कहा कि पार्टी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर गंभीर है और मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जायेगा। पार्टी अपने बूते त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उतरेगी। बैठक का संचालन राजेश राजभर ने किया। मासिक बैठक में मंत्री प्रतिनिधि अमन राजभर, एम.एस.सी. प्रतिनिधि उमेश राजभर, चर्तुभुजी पाण्डेय, मनोज शुक्ल, वीरेन्द्र मिश्र, लक्ष्मी देवी राजभर, प्रभावती देवी, निशा देवी, सत्येन्द्र शुक्ल, अजय , विजय , उमेश यादव, टिम्मल राजभर, अर्जुन राजभर, अनुराग सिंघानिया, राजन राजभर, धर्मराज, राजमन, जीतेन्द्र, महेन्द्र राजभर, दीनानाथ चौधरी, परशुराम चौधरी, अश्वनी राजभर, बाल गोविन्द ओझा, जगराम राजभर, राम सुरेश राजभर, पुष्पा देवी, माया देवी, इशरावती आदि शामिल रहे।

# दो अलग–अलग स्थानों पर दिखा विशालकाय अजगर, वनकर्मियों ने सुरक्षित स्थान पर छोड़ा

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। गोन्डा जनपद के पहाड़ापुर व भंभुआ क्षेत्र में सोमवार



को दिन में दो अलग–अलग स्थानों पर सड़क के किनारे विशालकाय अजगर नजर आया।अजगर को देखते ही राहगीरों व आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और कुछ ही देर में देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और हर कोई इस दुर्लभ नज़ारे को देखने के लिए उत्सुक नजर आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक अजगर पहाड़ापुर पुल के पास व दूसरा अजगर मसौलिया के पास सड़क किनारे झाड़ियों में रेंगता हुआ दिखाई दिया। दोनों अजगर काफी लंबे और विशालकाय थे।कई लोगों ने डर के मारे रास्ता बदल लिया, जबकि कुछ लोगों ने मोबाइल से वीडियो और फोटो भी बना लिए।वन दरोगा अशोक पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्र में पहले भी बारिश और जलभराव के बाद जंगली जीवों के निकलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं अजगर को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छुड़वा दिया गया है। पाण्डेय ने अपील की है कि अजगर या किसी भी जंगली जानवर को देखकर उसके पास न जाएं,तुरंत संबंधित विभाग को सूचना दें।

## गैर इरादतन हत्या से सम्बंधित 01 वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। थाना– रूपईडीहा अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक रमेश




सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 सर्वेशचन्द मय पुलिस बल द्वारा थाना स्थानीय पर पंजी.त मु0अ0सं0 02/2026 धारा 105 ठछै से संबंधित अभियुक्त हसीब पुत्र हबीब अहमद निवासी बनकुरी थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच उम्र 24 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर सोमवार को समय 11.10 बजे कुतुबुद्दीनपुरवा भटपुरवा मोड़ के पास से गिरतार किया गया और निशानदेही पर आलाकत्ल 01 डंडा बरामद किया गया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराय खास का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराय खास का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में गंभीर लापरवाही सामने आई, जिस पर सीएमओ ने कड़ा रुख अपनाया। निरीक्षण के समय शिवम् सिंह (वार्ड बॉय), रीतेश सिंह (स्वीपर कम चौकीदार), प्रमिला (स्टाफ नर्स), नीलम चौधरी (लैब टेक्नीशियन) तथा डॉ. मुकेश सिंह (चिकित्सा अधिकारी) ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश जारी किया गया। निरीक्षण में चिकित्सालय भवन एवं परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। जिसे लेकर सीएमओ ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी चिकित्सा






अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार डॉ. विजयभान से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चिकित्सालय में मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को तत्काल दुरुस्त किया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता एवं अनुशासन सर्वोपरि है।

## तहसील जमुनहा में ग्राम प्रहरियों से डीएम–एसपी का संवाद, समस्याएं सुनीं

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रावस्ती। श्रावस्ती जनपद में कानून–व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ करने के उद्देश्य से तहसील जमुनहा परिसर में जिलाधिकारी अश्विनी



कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में ग्राम प्रहरियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्राम प्रहरियों की समस्याएं, आवश्यकताएं एवं सुझाव सुने तथा उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही ग्राम प्रहरियों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए सुविधाओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में ग्राम प्रहरियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से निष्ठा व ईमानदारी से कर्तव्यों के निर्वहन की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रहरियों को पुलिस और समाज के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कहा कि समय पर दी गई सूचनाएं गंभीर अपराधों को रोकने में सहायक होती हैं। उन्होंने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए तत्काल पुलिस को सूचना देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार जमुनहा, प्रभारी निरीक्षक हरदत्त नगर गिरंट महिमा नाथ उपाध्याय, थानाध्यक्ष मल्हीपुर आशीष कुमार, थानाध्यक्ष सोनवा विशुन देव पांडेय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ख़ेसरहा पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

ख़ेसरहा। डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं प्रसान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में व रोहनी यादव क्षेत्राधिकारी बांसी की अध्यक्षता में व अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष महोदय द्वारा आज रविवार को कस्बा बेलौहा स्थित लोकेश्वर महादेव मंदिर में साफ सफाई अभियान चला कर साफ सफाई कराया गया एवं प्लास्टिक निषेध व स्वच्छता के आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। उपरोक्त स्वच्छता कार्यक्रम में थाना स्थानीय के सभी अधिकारी/कर्मचारी का सम्मिलित रहे।

## जिलाधिकारी ने तहसील बलरामपुर सदर में तटबंधों का विस्तृत निरीक्षण किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद में आगामी वर्षा एवं बाढ़ की संभावित



स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा तहसील बलरामपुर सदर अंतर्गत कोडरी घाट पर निर्मित तटबंध एवं बेलवा सुल्तानजोत स्थित एमएलटीडी तटबंध का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य पूर्व में कराए गए तटबंध कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना तथा बाढ़ से पूर्व आवश्यक सुधारात्मक एवं निवारक कार्यों को समय रहते पूर्ण कराना रहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तटबंधों की मजबूती, कटाव की संभावनाओं, जल प्रवाह की दिशा तथा पूर्व में किए गए कार्यों की गुणवत्ता का गहन परीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तटबंधों में जहां–जहां गैप, कमजोर स्थान अथवा कटाव की संभावना हो, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित करते हुए तत्काल भराव एवं सु.ढ़ीकरण की कार्ययोजना तैयार की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी अंतिम समय पर न होकर अभी से योजनाबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए, उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें तथा तटबंधों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जनपद की ड्रेनेज हिस्ट्री, जलभराव वाले क्षेत्रों, नदियों एवं नालों के स्लोप (ढाल) तथा विगत वर्षों में आई बाढ़ के अनुभवों का विस्तृत अध्ययन कर तटबंध एवं ड्रेनेज से संबंधित कार्यों को योजनाओं में सम्मिलित किया जाए, ताकि स्थायी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पहाड़ी नालों के ड्रेनेज सिस्टम पर विशेष ध्यान देते हुए निर्देश दिए कि पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले जल के निर्बाध एवं सुरक्षित निकास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बाढ़ एवं तटबंध से संबंधित आवश्यक कार्यों के लिए माननीय विधायकगण से प्रस्ताव आमंत्रित कर उन्हें नियमानुसार कार्ययोजनाओं में सम्मिलित किया जाए, जिससे जनप्रतिनिधियों के सुझावों एवं स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकासात्मक एवं सुरक्षा संबंधी कार्य सुनिश्चित हो सकें। जिलाधिकारी ने अंत में संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# तहसील पयागपुर में "सम्पूर्ण समाधान दिवस" का हुआ सफल आयोजन



दैनिक बुद्ध का संदेश

पयागपुर/बहराइच। जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर "सम्पूर्ण समाधान दिवस" का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा तहसील पयागपुर में उपस्थित रहकर ष्सम्पूर्ण समाधान दिवसष की अध्यक्षता की गई । इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जन शिकायतों की निष्पक्ष जाँच कर विधिक निस्तारण करने तथा निस्तारित प्रार्थना पत्रों की आख्या समय से प्रेषित करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा कुछ शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित कर मौके पर जाकर जाँचकर निस्तारण करने हेतु रवाना किया गया। इस दौरान सीडीओ, सीएमओ, राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चितः जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन जनवरी,2026 महीने के पहले शनिवार को अवकाश पड़ने के कारण सोमवार को किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह सिंह ने तहसील दिवस में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सरल भाव से सुनते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। कुछ प्रकरणों में टीम गठित कर, क्षेत्र में टीम भेजकर शिकायतकर्ताओं के शिकायतों के निस्तारण हेतु भेजा गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने उपस्थित अधिकारयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जमीन सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विवादित जमीन वाले स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से जॉच किया जाये, इसके पश्चात न्यायोचित कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट, श्रम विभाग आदि के लगाये गये कैम्प का जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित विभाग अपने–अपने विभाग द्वारा संचालित योजना जैसे आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट आदि बनाने का कैम्प सम्बन्धित सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर लगाया जायेगा और कैम्प के प्रचार–प्रसार सम्पूर्ण समाधान दिवस के पहले तहसील क्षेत्र के नागरिकों में किया जाये, जिससे कि लोगों को जानकारी होने के साथ ही तहसील आकर आयोजित कैम्प का लाभ भी उठा सकें। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में लगाये गये कैम्प के माध्यम से 12 पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया, 4 लाभार्थियों का फार्मर सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह, जिला विकास अधिकारी श्री शेषनाथ चौहान, उप जिलाधिकारी ओबरा श्री विवेक कुमार सिंह, तहसीलदार आदि ने 44 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये। बाकी 40 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, अपर जिला सूचना सूचना अधिकारी,नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। –तहसील राबर्ट्सगंज में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस मौके पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किये। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार ने 57 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये और 4 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 04 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 12 मामले निस्तारित हुए, बाकी 45 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील घोरावल में उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल, तहसीलदार श्री प्रवीण सिंह, सी0ओ0 घोरावल आदि ने 35 शिकायतें सुनते हुए ,मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये और 01 टीम को क्षेत्र में भेजकर 01 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 07 मामले निस्तारित हुए, बाकी 28 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील दुद्धी में उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस मौके पर उप जिलाधिकारी दुद्धी श्री निखिल यादव, तहसीलदार दुद्धी आदि ने 26 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 01 मामलें निस्तारित किये गये और 01 टीम को क्षेत्र में भेजकर 01 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दुद्धी में 02 मामले का निस्तारण करते हुए अवशेष 24 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



# कोन बाजार में कूड़े का अंबार, बदबू से व्यापारी व राहगीर परेशान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र/कोन। विकास खंड कोन के मुख्य बाजार में लंबे समय से लगे कूड़े के अंबार ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। बाजार के बीचोंबीच जमा कचरे से उठती दुर्गंध के कारण दुकानदारों, ग्राहकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि गंदगी के कारण न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। बताया जा रहा है कि सड़क के दोनों पटरियों पर मीट और मछली की दुकानें लगती हैं, जिनसे निकलने वाले अवशेष खुले में फेंक दिए जाते हैं। इससे कूड़े का ढेर और अधिक बढ़ जाता है तथा आसपास का वातावरण अत्यंत दूषित हो गया है। विशेष रूप से प्लास्टिक कचरे की अधिकता के कारण समस्या गंभीर होती जा रही है। दिन भर बाजार में आने–जाने वाले लोगों को बदबू के कारण नाक बंद कर गुजरना पड़ता है। स्थानीय दुकानदारों का आरोप है कि संबंधित जिम्मेदारों द्वारा नियमित सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद न तो कूड़ा उठाया जा रहा है और न ही सफाईकर्मियों की नियमित तैनाती दिखाई दे रही है। इससे बाजार की छवि भी खराब हो रही है और बाहर से आने वाले ग्राहकों में नकारात्मक संदेश जा रहा है। दुकानदार पप्पू, राजू, सुनील, चंदन, रामनिहोरा सहित दर्जनों व्यापारियों ने संबंधितों से मांग की है कि बाजार क्षेत्र में तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। व्यापारियों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने संबंधितों से जल्द कार्रवाई कर बाजार को स्वच्छ रखने की अपील की है।



# राम सीता विवाह प्रसंग सुन श्रोता हुए भाव विभोर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आदर्श नगर पंचायत चोपन के प्रीतनगर में स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर पर चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन राम–सीता विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। मंगलगीतों के साथ सीता–राम के जयकारों से पंडाल गूंज उठा।कथावाचक दिलीप .ष्ण भारद्वाज ने श्रीराम–सीता के विवाह की कथा सुनाते कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा ली कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा– महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। वहां आए सभी राजाओं ने एक–एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्री राम धनुष उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली वैसे ही देवतागण उन पर फूलों की वर्षा करने लगे।इस अवसर पर चोपन ही नहीं बल्कि पूरे सोनभद्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान विधान परिषद सदस्य विनित सिंह,विस्व हिंदु रक्षा परिषद राष्ट्रीय महासचिव ओ पी कश्यप, जिला प्रभारी अनिल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा,सदर ब्लाक प्रमुख अजित रावत,सुधीर सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा, संतोष सिंह चंदेल, प्रदीप अग्रवाल, मनीष प्रताप सिंह भोला सिंह, धिरज सिंह,विकास सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष,अनूज सिंह, विकास कौशिक, बबलू सोनी, दीनदयाल सिंह, अनील यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कथाप्रेमी मौजूद रहेद्य



## 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरतार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्ष अभिषेक वर्मा' के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार' एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा' के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध, अपराधियों एवं मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। इसी क्रम में थाना चोपन पुलिस द्वारा 05.01.2026 को समय 12रू50 बजे, पटवध क्षेत्र से अभियुक्त रिशू पाल पुत्र नन्दलाल पाल, निवासी ग्राम मारकुण्डी, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 26 वर्ष को गिरतार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक सफेद झोले में 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना चोपन पर अभियुक्त के विरुद्ध 'मु0अ0सं0 . 011/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट' के अंतर्गत अभियोग पंजी.त कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# तहसील की मांग पर सिसवा में ऐतिहासिक बंद, व्यापारियों का ऐलान"हक मिला तो ही होगा मतदान"

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज/सिसवा बाजार। सिसवा नगरपालिका को तहसील का दर्जा दिलाए जाने की लंबे समय से लंबित मांग को लेकर सोमवार को सिसवा में अभूतपूर्व जनआंदोलन देखने को मिला। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर नगर के व्यापारियों ने पूर्ण बंदी रखकर सड़कों पर उतरते हुए शासन–प्रशासन के प्रति अपना आक्रोश खुलकर जाहिर किया। सुबह से ही बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा, दुकानें बंद रहीं और आवागमन ठप जैसा नजर आया। व्यापारियों का कहना है कि सिसवा को तहसील बनाए जाने की मांग कोई नई नहीं है। महराजगंज जनपद के गठन के साथ ही यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, व्यापारिक गतिविधियों और प्रशासनिक सुविधाओं की .ष्टि से सिसवा तहसील बनने के सभी मानकों पर खरा उतरता है। इसके बावजूद दशकों से यह मांग फाइलों में ही सिमटी हुई है। पूर्व में कई चरणों में आंदोलन हुए, तहसील बनाओ संघर्ष समिति का गठन हुआ, धरना–प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ हासिल नहीं हुआ। इसी उपेक्षा से क्षुब्ध होकर व्यापारिक संगठनों ने इस बार निर्णायक संघर्ष का रास्ता चुना। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा घोषित 5 जनवरी की बंदी को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, सिसवा स्वर्णकार संघ सहित नगर के सभी व्यापारिक संगठनों का पूर्ण समर्थन मिला। परिणामस्वरूप सोमवार को पूरा नगर बंद रहा और व्यापारी एकजुट होकर जुलूस की शक्ल में नगर भ्रमण पर निकले। जुलूस के दौरान "तहसील नहीं तो वोट नहीं" जैसे नारे गूंजते रहे, जिससे आंदोलन की तीव्रता और व्यापारियों के संकल्प का स्पष्ट संदेश गया। नगर भ्रमण के उपरांत व्यापारी फलमंडी परिसर में एकत्र हुए, जहां धरना देकर मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की गई। वक्ताओं ने कहा कि तहसील का दर्जा मिलने से न केवल व्यापार और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आम जनता को भी प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर नहीं भटकना पड़ेगा। आंदोलन में प्रमोद जायसवाल, अश्वनी रौनियार, हरिराम भालोटिया,शिबू खान , मनीष रौनियार, अविनाश मद्धेशिया, बाबूलाल अग्रवाल, वैष्णो कुमार सोनी,मकसूद अंसारी, इशरत लारी उमेश जायसवाल, मिथलेश रावत, अंकित लाट, नरूल हक, रिंकू सिंह, दीपक जायसवाल, रजावुल अंसारी शिव जी सोनी, लक्ष्मण तुलस्यान, प्रमोद गुप्ता, मनोज केसरी, संदीप मल्ल, रोशन मद्धेशिया, जितेंद्र वर्मा, धर्मवीर सोनी, दिनेश सोनी सहित सैकड़ों व्यापारी शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र ही सिसवा को तहसील का दर्जा नहीं दिया, तो आंदोलन को और व्यापक तथा उग्र रूप दिया जाएगा। व्यापारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी दल विशेष के विरोध में नहीं, बल्कि क्षेत्र के अधिकार और विकास के लिए है। अब सिसवा की जनता अपने हक के लिए आर–पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है।





# मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन आज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि अर्हता तिथि 01 जनवरी,2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी, 2026 को किया जाना है। दावें/आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी, 2026 से 06 फरवरी, 2026 तक है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के उद्देश्य से आवश्यक है कि इस पुनरीक्षण में युवा एवं महिला मतदाताओं के नाम अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में सम्मिलित कराने पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने अवगत कराया है कि अर्हता तिथि 01 जनवरी,2026 के आधार पर विधानासभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के अन्तर्गत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी, 2026 को किया जायेगा है। आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची के कार्यक्रम का शुभारम्भ 06 जनवरी, 2026 को किसी महाविद्यालय में किया जायेगा। जनपद स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा पुनरीक्षण–2026 का शुभारम्भ हेतु किसी बड़े कालेज का तत्काल चयन करते हुए 06 जनवरी, 2026 को अपराह्न 01.00 बजे से पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ कराना सुनिश्चित करें तथा चयनित कालेज का नाम तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय को अवश्य अवगत करायें।

## कारीगरो को प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान करने हेतु साक्षात्कार आज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र विनोद कुमार चौधरी ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत 'एक जनपद एक उत्पाद' प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत कालीन के हस्तशिल्पियों/उद्यमियों व कारीगरो को प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान करने हेतु कार्यालय में 01 अप्रैल 2025 के बाद से प्राप्त पोर्टल पर ऑन लाईन आवेदनों के सापेक्ष चयन हेतु 06 जनवरी,2026 को प्रातः 11.00 बजे से कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र में साक्षात्कार का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। उन्होंने समस्त आवेदको से अनुरोध है कि उक्त निर्धारित समय व स्थान पर अपने आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता, जाति, आय प्रमाण पत्र, व अनुभव प्रमाण पत्र आदि से सम्बन्धित समस्त दरतावेज दो प्रति एक मूल व दूसरा छाया प्रति में लेकर साक्षात्कार में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

## तहसील भवन का निर्माण कार्य ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने सोमवार को ओबरा में विद्युत उप केन्द्र के पास निर्माणाधीन तहसील ओबरा का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन तहसील भवन के उप जिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, मीटिंग हाल, उप जिलाधिकरी कक्ष, तहसीलदार कक्ष सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था सी0एन0डी0एस0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील भवन के निर्माण में जो भी कार्य अभी तक अधूरे हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाये, शासन द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार निर्माण कार्य ससमय सुनिश्चित किया जाये, निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये, तहसील भवन परिसर के रंगाईं, पोताई कार्य फिनिंसिंग के साथ कराया जाये, जल्द से जल्द भवन तैयार हो, जिससे तहसील का कार्य इस नये भवन परिसर से प्रारंभ हो सकें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



## महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर पुलिस की सशक्त पहल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सु.ढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के दौरान महिला पुलिस कर्मियों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें महिला हेल्पलाइन.'1090', आपातकालीन सेवा.'112', चाइल्ड हेल्पलाइन.'1098', साइबर अपराध हेल्पलाइन.'1930' सहित अन्य सुरक्षा संसाधनों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, छेड़छाड़, साइबर उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा जैसी घटनाओं की स्थिति में त्वरित शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया। जनपद पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है तथा प्रत्येक शिकायत पर त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। सोनभद्र पुलिस जनपद की प्रत्येक महिला एवं बालिका की सुरक्षा हेतु सतत् प्रतिबद्ध है तथा मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक:- श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टावर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ0प्र0-271201 से प्रकाशित । आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 । सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# सकट चौथ 2026 पर करें यह एक काम, भगवान गणेश हर लेंगे जीवन के सारे संकट

जीवन के संकटों को दूर करने के लिए सकट चौथ का व्रत रखा जाता है। हिंदू धर्म में संकटों को दूर करने के लिए प्रथम पूज्य गणेश जी की पूजा की जाती है। इस व्रत का महत्व भी सबसे



अधिक माना जाता है। माघ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को सकट चौथ व्रत रखा जाता है, जिसे तिलकुटा चौथ या संकष्टी चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। इस बार यह व्रत 6 जनवरी 2026 यानी कल रखा जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से संतान को लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख–समृद्धि का वरदान मिलता है। माना जाता है कि इस दिन गणेश जी की विधिवत पूजा और गणेश चालीसा का पाठ करने से जीवन के सभी विघ्न दूर हो जाते हैं। इसके साथ ही सुख–सौभाग्य का वरदान मिलता है।

# सकट चौथ : चंद्रमा को अर्घ्य देते समय ये 5 गलतियां पड़ सकती हैं भारी



सकट चौथ 2026 का व्रत संतान की लंबी आयु के लिए रखा जाता है, जो चंद्रमा को अर्घ्य दिए बिना अधूरा माना जाता है। जानें चंद्र दर्शन का सही समय, अर्घ्य देने की संपूर्ण विधि और उन सामान्य गलतियों के बारे में जिनसे व्रत का फल कम हो सकता है।

हिंदू धर्म में व्रत–त्योहारों का विशेष महत्व माना जाता है। माघ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी यानी सकट चौथ का व्रत संतान की लंबी आयु और खुशहाली के लिए रखा जाता है। इस साल 6 जनवरी यानी कल इस व्रत को रखा जाएगा। सकट चौथ का व्रत तब तक पूर्ण नहीं माना जाता है, जब तक रात में चंद्रमा को अर्घ्य न दिया जाए। अर्घ्य देने का मतलब केवल जल चढ़ाना नहीं है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक उपाय है। कई बार अनजाने में हम अर्घ्य देते समय कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिससे व्रत सकट चौथ का फल पूरा प्राप्त नहीं होता है। आइए जानते हैं अर्घ्य देते समय सही नियम और वे गलतियां जिनसे बचना चाहिए।

– चंद्र दर्शन समय – चंद्रोदय रात 09 बजे पर होगा।

अर्घ्य देते समय भूलकर भी न करें ये गलतियां

– अर्घ्य देते समय अक्सर लोग यह गलती कर बैठते हैं कि जल की धार सीधे पैरों पर गिर जाती है, जिसे अशुभ माना जाता है। इसलिए अर्घ्य हमेशा थोड़ी ऊंचाई पर खड़े होकर देना चाहिए। यदि ऐसा संभव न हो, तो नीचे गमला या थाली रख लें, जिससे जल पैरों को न छुए। अर्घ्य के बाद उस जल को किसी पौधे में डाल देना शुभ माना जाता है।

– शास्त्रों में माना जाता है कि तांबे के बर्तन में दूध डालकर अर्घ्य नहीं देना चाहिए। यदि आप जल में दूध मिला रहे हैं, तो चांदी, पीतल या कांसे के लोटे का प्रयोग करें। तांबे के पात्र में सिर्फ शुद्ध जल और तिल ही डालें।

– अर्घ्य देते समय सीधे जमीन पर न खड़े हों।

– अपने पैरों की नीचे आसन जरुर रखें। – जूते–चप्पल पहनकर अर्घ्य गलती से भी न दें।

– केवल जल अर्पित न करें। – अर्घ्य के जल में सफेद तिल, अक्षत, सफेद फूल और थोड़ा सा दूध जरुर मिलाएं।

– सकट चौथ में तिल का विशेष महत्व है, इसलिए पूजा में तिल का शामिल होना भी जरुरी है।

– चंद्रमा को अर्घ्य देते समय जल की गिरती हुई धार के बीच से चंद्रमा के दर्शन करने चाहिए।

अर्घ्य देने का सही नियम – चंद्रमा के उदय होने के बाद ही अर्घ्य दें। – अर्घ्य देते समय श्ॐ सोमाय नमःश या श्ॐ चंद्रमसे नमःश मंत्र का जाप करें। इसके साथ ही अपनी संतान की सुरक्षा के लिए गणेश जी से प्रार्थना करें।

– अर्घ्य को तीन बार में थोड़ा–थोड़ा करके अर्पित करना चाहिए।

– अर्घ्य देने के बाद अपने ही स्थान पर खड़े होकर तीन बार परिक्रमा लगाएं।

सकट चौथ व्रत का महत्व– सकट चौथ को श्संकट हारिणी चतुर्थीश कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, चंद्रमा को मन का कारक माना गया है और गणेश जी को बुद्धि का देवता हैं। जब हम चंद्रमा को अर्घ्य देते हैं, तो हमारे मन के विकार दूर हो जाते हैं और परिवार में आने वाली संकट टल जाती है। वहीं, संतान सुख की प्राप्ति होती है।

# डियर कॉमरेड रीमेक अफवाह पर सिद्धांत चतुर्वेदी ने तोड़ी चुप्पी, बताया क्या है सच

धड़क 2, फोन भूत और गली बॉय जैसी फिल्मों का हिस्सा रहे एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी ने रीमेक फिल्मों में काम करने पर खुलकर अपनी बात रखी। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने



डियर कॉमरेड की रीमेक में काम करने को अफवाह करार दिया। सिद्धांत चतुर्वेदी ने साल 2019 की तेलुगू सुपरहिट फिल्म डियर कॉमरेड के हिंदी रीमेक में अपनी कास्टिंग की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ दी है। हाल ही में खबरें आई थीं कि करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस इस फिल्म का रीमेक बना रही है और सिद्धांत के साथ प्रतिभा रांता लीड रोल में होंगी। लेकिन सिद्धांत ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साफ कर दिया कि यह खबर गलत है। सिद्धांत ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें लिखा है सिद्धांत अपकमिंग फिल्म में प्रतिभा रांता के साथ नजर आएंगे। अफवाह पर चुप्पी तोड़ते हुए उन्होंने लिखा, दोस्तों, साफ कर दूं कि यह सच नहीं है। अब मेरे लिए कोई रीमेक नहीं, मैं ओरिजिनल फिल्म और एक्टर्स का फैन हूं, उन्हें बहुत प्यार और सम्मान, आप सभी का धन्यवाद।

उन्होंने आगे बताया कि वह टैलेंटेड अभिनेत्री के साथ भविष्य में काम करना चाहेंगे। उन्होंने बताया, मैं बेहद टैलेंटेड अभिनेत्री प्रतिभा रांता के साथ किसी ओरिजिनल प्रोजेक्ट पर साथ काम करना पसंद करूंगा।

साल 2019 में रिलीज हुई डियर कॉमरेड विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के लिए मशहूर हुई थी। फिल्म लव स्टोरी के साथ गुस्से और इमोशनल स्ट्रगल की कहानी थी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। धर्मा प्रोडक्शंस ने इसके रीमेक राइट्स पहले ही खरीद लिए थे, लेकिन कुछ वजहों से यह प्रोजेक्ट रुक गया था। अब खबर थी कि सिद्धांत और प्रतिभा इस रीमेक में नजर आएंगे। सिद्धांत धड़क 2 में तृप्ति डिमरी के साथ काम कर चुके हैं, जो एक रीमेक थी। ऐसे में उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि अब वह ओरिजिनल कंटेंट की ओर ज्यादा फोकस करना चाहते हैं। वहीं, लापता लेडीज में काम कर चुकीं प्रतिभा रांता ने भी इस अफवाह पर रिएक्ट किया है। उन्होंने हाल ही में कहा कि बिना ऑफिशियल अनाउंसमेंट के ऐसी खबरें न फैलाएं, क्योंकि इससे कन्फ्यूजन होता है।

# अस्तित्व ने तुम्हें आनंद दिया है, दुख तुम्हारी अपनी खोज है रू सुभाष घई

फिल्म निर्माता–निर्देशक सुभाष घई अक्सर सोशल मीडिया पर फैंस के साथ अपनी यादें, फिल्मी



किस्से और जीवन के खास पल शेयर करके जुड़े रहते हैं। नए साल 2026 की शुरुआत पर भी सुभाष घई ने एक प्रेरणादायक पोस्ट करते हुए वैचारिक कैप्शन दिए। सुभाष भई ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर फैंस को जीवन में बदलाव और खुशी का संदेश दिया है। सुभाष घई ने लिखा, अगर जिंदगी आपसे आपके विचारों, व्यवहार, काम या अस्तित्व में कोई बड़ा बदलाव करने को कहे तो खुश रहने के लिए तुरंत वह बदलाव अपना लें। उनका मानना है कि खुशी हमारे हाथ में है और हमें नकारात्मकता छोड़कर सकारात्मक बदलाव अपनाना चाहिए। वह आगे कहते हैं, अस्तित्व ने हमें आनंद दिया है, लेकिन दुख हमारी खुद की खोज है। इसके साथ ही उन्होंने पोस्ट में फैंस को काम करते रहने और खुश रहने की सलाह दी। अंत में उन्होंने लिखा, काम करते रहें और खुश रहें। हैप्पी 2026। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने नए साल के लिए एक खूबसूरत कविता शेयर की है। उनकी यह रचना जीवन में बदलाव को स्वीकार करने और आनंद–प्रेम से जीने का संदेश देती है। यह कविता बताती है कि नया साल नई उम्मीद और दिशा लाता है। बदलाव को दिल से अपनाएं तो जीवन खुशियों से भर जाएगा। घई ने लिखा, युगों युगों से वैश्विक शक्ति यही दिखाती है, नव वर्ष तो आएगा एक नई दिशा दिखाएगा। स्वीकार करो हर परिवर्तन को अंतर्मन से। आनंद प्रेम से ये जीवन हर्षित हो जाएगा! घई अक्सर अपनी फिल्मों से जुड़े किस्से भी साझा करते रहते हैं। उन्होंने हालिया पोस्ट में अपनी साल 2008 की फिल्म ब्लैक एंड व्हाइट को लेकर दिल की बात कही थी। फिल्म को अपनी पसंदीदा बताते हुए घई ने मजेदार अंदाज में इसके पीछे की वजह भी बताई थी। सुभाष घई कालिचरण, विश्वनाथ, हीरो, कर्मा, राम लखन, सौदागर, खलनायक, परदेस और ताल जैसी सुपरहिट फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। उनकी फिल्में हमेशा संगीत, ड्रामा और इमोशंस का बेहतरीन मिश्रण रही हैं।

# विनीत कुमार सिंह और सैयामी खेर ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू की



अभिनेता विनीत कुमार सिंह ने नई एनर्जी और एक्साइटिंग प्लान्स के साथ नए साल की शुरुआत की है। 2025 में लगातार हिट फिल्मों, जिसमें उनकी सबसे बड़ी सफलताओं में से एक छावा भी शामिल है, के बाद, 2026 विनीत के लिए जोरदार तरीके से शुरू हो रहा है। एक्टर ने एक नए प्रोजेक्ट के लिए डिजाइनर से डायरेक्टर बने विक्रम फडनिस के साथ हाथ मिलाया है। विनीत ने कहानी को ष्खूबसूरतष और अपने दिल के करीब बताया है, हालांकि अभी डिटेल्स को सीक्रेट रखा गया है। विनीत कुमार सिंह और सैयामी खेर ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। सिंह ने रविवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की। इस पोस्ट में पूजा समारोह की तस्वीरों और वीडियो के साथ फिल्म के 'क्लैपर बोर्ड' की एक तस्वीर भी थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इस खूबसूरत कहानी को आप सभी के सामने लाने के लिए उत्साहित हूं! फिलहाल, इस प्रक्रिया का आनंद लेते हैं और कुछ कमाल करते हैं।

विक्रम फड़नीस द्वारा निर्देशित इस फिल्म का अभी नाम नहीं रखा गया है। इसमें ताहिर राज भसीन भी काम कर रहे हैं। सैयामी खेर जल्द ही अक्षय कुमार और सैफ अली खान के साथ फिल्म हैवान में दिखाई देंगी। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में श्रिया पिलगांवकर भी हैं। विनीत कुमार सिंह हाल ही में फिल्म तेरे इश्क में में नजर आए थे। नवंबर में रिलीज हुई इस फिल्म में कृति सैनन और धनुष मुख्य भूमिकाओं में थे और इसका निर्देशन आनंद एल राय ने किया था। फिल्म में सिंह ने वी शेखावत का किरदार निभाया था।

विनीत ने अपने स्ट्रगल के दिनों के बारे में बताया: युवा के राउंडटेबल शो श्बी ए मैन, यारश में, विनीत कुमार सिंह ने अपने शुरुआती करियर के मुश्किल दौर के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि, अपने स्ट्रगल के दिनों में, इंडस्ट्री में टिके रहने के लिए उन्हें कई छोटी और अजीब नौकरियां करनी पड़ीं। विनीत ने बताया कि उन्होंने सुनील शेट्टी के बॉडी डबल के तौर पर भी काम किया और बैकग्राउंड रोल किए जो अक्सर किसी का ध्यान नहीं खींचते थे। उनके लिए, वे अनुभव उनकी यात्रा का हिस्सा थे और उन्होंने उन्हें अपने सपने से जुड़े रहने में मदद की। उन्होंने समझाया कि ऐसे समय में सबसे जरूरी बात यह है कि अंदर से मजबूत रहें और हार न मानें।

# ऑफिस में बैठे–बैठे बढ़ रहा है पेट? ऐसे करें कंट्रोल, जानें एक्सपर्ट की सलाह



अगर आप ऑफिस या फील्ड में लंबे समय तक काम करने वाले वर्कर्स हैं, ऐसे में आप वजन को कम करना चाहते हैं, तो अब आप आसानी से वजन को कम कर सकते हैं। लगातार बैठे रहना, अनियमित भोजन और जंक फूड की आदतें वजन बढ़ाने के मुख्य कारण हैं। बायोमेड सेंट्रल (ठडब) के एक अध्ययन बताता है कि लोग सेडेंटरी काम करते हैं यानी ऑफिस में बैठकर काम करते हैं उनमें पेट की चर्बी होने की संभावना अधिक हो जाती है। अगर आप नियमित रुप से हेल्दी आदतें को अपनाएंगे तो वजन को कम करने बेहद आसान हो जाएगा। आइए आपको बताते हैं कैसे करें वजन को कम।

हेल्दी स्नैक्स को चूज करें

अगर लंबी ड्यूटी करते समय आपको भूख लगे तो आप भी जंक फूड का सेवन करते हैं, तो नट्स, फल, दही या ओट्स जैसे हेल्दी स्नैक्स लें। फिटनेस कोच ने बताया कि हेल्दी स्नैक्स लंबे समय तक पेट का भरा रखते हैं और शुगर क्रेविंग को कम करेंगे और कंट्रोल करेंगे। हेल्दी स्नैक्स का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी मदद मिलती हैं।

छोटे वर्कआउट्स करें

लॉन्ग टाइम वर्क के दौरान आप कम से कम 10–15 मिनट के छोटे वर्कआउट्स कर सकते हैं। यह स्ट्रेचिंग, स्कवैट्स, वॉक या हल्की कार्डियो एक्सरसाइज मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करती है और कैलोरी बर्निंग प्रक्रिया को बढ़ाते हैं। इसलिए छोटे ब्रेक आपके लिए शरीर और दिमाग दोनों को रिफ्रेश करते हैं और लंबी जॉब के दौरान बैठकार काम करने से नुकसान को कम करते हैं।

पर्याप्त पानी पिएं

लंबी ड्यूटी के समय अक्सर लोग पानी पीना नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से भूख पर नियंत्रण रहता है, मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है और शरीर से विषैले तत्व बाहर निकलते हैं। फिटनेस कोच के अनुसार, पानी और हर्बल टी जैसे हेल्दी पेय दिनभर शरीर में ऊर्जा बनाए रखते हैं और बार–बार स्नैक्स खाने की इच्छा को कम करने में मदद करते हैं।

माइंडफुल ईटिंग

लंबी शिफ्ट वाली नौकरी के दौरान अक्सर हम जल्दी में या कंप्यूटर और फोन के सामने खाते हैं। इस दौरान शरीर को यह कभी भी संकेत नहीं मिल पाता कि पेट भरा है। हर बाइट पर ध्यान देना जरुरी है, इसलिए धीरे–धीरे खाएं और भूख लगने पर ही स्नैक्स लें। इससे ओवरईटिंग कम होती है और कैलोरी कंट्रोल करने में मदद मिलती हैं।

नियमित ब्रेक लें: पूरे दिन बैठे रहने वाली नौकरी करने से मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। प्रत्येक 1–2 घंटे में 5 मिनट का छोटा ब्रेक जरुर लें। इसके अलावा, आप खड़े होकर हल्की स्ट्रेचिंग या थोड़ी वॉक जरुर करें। ऐसा करने से कैलोरी बर्निंग प्रक्रिया बढ़ती है, साथ ही ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है और लंबे समय एनर्जी भी बनीं रहती है।